प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक

# मोर्निंग सिटी

सच के साथ...

वर्ष - 11, अंक - 13, 07 जून से 13 जून, 2026 | मूल्य- 10 रुपये । पृष्ठ 8 | WWW :morningcity.in

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म

मोर्निंग सिटी



## समोसा-भजिया, बड़ा पाव अखबार में पैक किया तो होगी जेल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

*भारत में सड़क किनारे मिलने वाले समोसे, पकौड़े, कचौड़ी या वड़ा पाव को अखबार में लपेटकर देने का चलन बहुत पुराना है। कई दुकानदार आज भी गर्म-गर्म स्नैक्स को अखबार में पैक करके ग्राहकों को दे देते हैं लेकिन अब ऐसा करना महंगा पड़ सकता है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने साफ कर दिया है कि खाने-पीने की चीजों को अखबार में लपेटना या परोसना सुरक्षित नहीं है और यह खाद्य सुरक्षा नियमों के खिलाफ है। नियमों का उल्लंघन करने पर खाद्य कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है जिसमें सजा का प्रावधान भी है। राज्यों को इस पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि कहीं भी अखबार का उपयोग खाने की पैकिंग या परोसने में न हो।*

### अखबार में खाना परोसना खतरनाक

हाल ही में मुंबई में एक फूड वेंडर ग्राहकों को वड़ा पाव अखबार में पैक करके बेचता हुआ पाया गया था। मामले की जानकारी मिलने के बाद खाद्य प्राधिकरण की क्षेत्रीय टीम और बीएमसी ने जांच की और खाद्य सुरक्षा नियमों के पालन पर जोर दिया। इस घटना ने एक बार फिर अखबार में भोजन परोसने से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों को सामने ला दिया, जिसके बाद देशभर के खाद्य कारोबारियों को नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश जारी किए गए।



### सेहत के लिए खतरनाक है अखबार

विशेषज्ञों के अनुसार, अखबार की छपाई में इस्तेमाल होने वाली स्याही में कई तरह के रसायन और भारी धातुएं हो सकती हैं, जिनमें सीसा भी शामिल है। गर्म खाने के संपर्क में आने पर ये तत्व भोजन में मिल सकते हैं, जो कि स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं। इसके अलावा अखबार कई बार अस्वच्छ जगहों से होकर गुजरता है, जिससे उसमें बैक्टीरिया और रोग फैलाने वाले कीटाणु भी मौजूद हो सकते हैं।





*दुकानदार से सेफ पैकेजिंग की मांग करें : वहीं ग्राहकों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। अगर कोई दुकान आज भी अखबार में खाना दे रही है, तो बेहतर होगा कि आप उससे सेफ पैकेजिंग की मांग करें। खाने की चीजों को पैक करने, ढकने या एक्स्ट्रा ऑयल सोखने के लिए अखबार का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए. किसी भी ऐसी स्थिति में जहां खाना सीधे अखबार के संपर्क में आए, उसे सेफ नहीं माना गया है।*

### सिर्फ स्याही नहीं, गंदगी भी बन सकती है समस्या

अखबार छपने के बाद प्रिंटिंग प्रेस, गोदाम, ट्रांसपोर्ट और कई लोगों के हाथों से गुजरता है। इस दौरान उस पर धूल, मिट्टी और बैक्टीरिया जमा हो सकते हैं। ऐसे कागज में खाना रखने से संक्रमण का खतरा भी बढ़ सकता है। यही वजह है कि खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञ लंबे समय से अखबार के इस्तेमाल से बचने की सलाह देते रहे हैं।

### छोटे-बड़े सभी दुकानदारों के लिए है नियम

यह नियम सिर्फ बड़े होटल या रेस्तरां के लिए नहीं है। छोटे ठेले वाले, स्ट्रीट फूड विक्रेता, फूड डिलीवरी किचन, कैटरिंग सर्विस, फास्ट फूड आउटलेट और खाद्य पदार्थ बेचने वाले सभी कारोबारियों पर यह लागू होता है। यानी अगर कोई दुकानदार खाने को अखबार में पैक करता है या तेल सोखने के लिए अखबार का इस्तेमाल करता है, तो उसे नियमों का उल्लंघन माना जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली में हिमांशु गिरोह के तीन शार्प शूटर गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक नाबालिग समेत हिमांशु भाऊ गिरोह के तीन कथित शार्पशूटर को हिरासत में लिया गया तथा उनके पास से दो अत्याधुनिक अवैध पिस्तौल और 27 कारतूस जब्त किये गये। पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान हरियाणा के झज्जर निवासी अजय (22), पूठ खुर्द के कन्हैया कुमार (22) और उसी इलाके के 17-वर्षीय एक किशोर के रूप में हुई है।

### पिता-पुत्र से 1.46 करोड़ रुपए की स्मैक बरामद

**जयपुर।** राजस्थान के बारां जिले में पुलिस ने 732 ग्राम स्मैक बरामद करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जब्त स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1.46 करोड़ रुपए आंकी गई है। पकड़े गए व्यक्तियों की पहचान विमल प्रकाश महाजन, उसके पुत्र रवि मित्तल और नरेश मीणा के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपी रवि मित्तल और विमल प्रकाश के कब्जे से 732 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग एक करोड़ 46 लाख 40 हजार रुपये आंकी गई है।

### एक तरफ चल रही शांति समझौते की बात, दूसरी तरफ ताबड़तोड़ बमबारी

## रात को ईरान ने किया ड्रोन से हमला सुबह अमेरिका ने भी कर दी बमबारी

एजेंसी ▸▸| तेहरान

अमेरिका और ईरान के बीच शनिवार को तनाव एक बार फिर बढ़ गया। देर रात जहां ईरान ने अमेरिकी सैन्य ठिकानों का ड्रोन से हमला किया वहीं सुबह अमेरिका सेना ने पलटवार करते हुए मिसाइलें दाग दीं।

अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की ओर भेजे गए ईरानी ड्रोन मार गिराए। इसके बाद अमेरिका ने ईरान के तटीय रडार और निगरानी ठिकानों पर हमला किया। दूसरी ओर ईरान ने कहा कि उसने जवाबी कार्रवाई में क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ठिकानों और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरने की कोशिश कर रहे टैंकरों को निशाना बनाया। दोनों देशों के बीच युद्ध रोकने के लिए बातचीत जारी है, लेकिन अब तक कोई समझौता नहीं हो पाया है।

### अमेरिका ने कहा-ड्रोन हमले किए नाकाम

अमेरिकी सेना के अनुसार ईरान ने चार ड्रोन होर्मुज स्ट्रेट की दिशा में भेजे थे। एक अमेरिकी अधिकारी ने रॉयटर्स को बताया कि इन ड्रोन का लक्ष्य क्षेत्रीय समुद्री यातायात माना जा रहा था। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि इसके बाद अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट पर स्थित गोरुक और क्रेश्म द्वीप के निगरानी ठिकानों पर हमला किया।

### ईरान ने कहा- अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागीं

ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के पास दुश्मन ठिकानों पर मिसाइल हमला किया। अमेरिकी हमलों के जवाब में क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। ईरान ने यह भी कहा कि उसने होर्मुज स्ट्रेट पार करने की कोशिश कर रहे चार टैंकरों पर गोलीबारी की। अमरीकी सेना के मुताबिक ईरान ने कुवैत और बहरीन की ओर 7 बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिनमें 6 को हवा में ही रोक दिया गया, जबकि सातवीं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी।





### कुवैत और बहरीन में अलर्ट

कुवैत की सरकारी मीडिया के अनुसार देश की वायु रक्षा प्रणाली अज्ञात स्रोत से आए मिसाइल और ड्रोन हमलों को रोक रही थी। बहरीन में सायरन बजाए गए और लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया। ईरान ने कहा कि उसने दोनों देशों में अमेरिकी ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। वहीं अमेरिकी सेना ने कहा कि छह मिसाइलों को रोक लिया गया और सातवीं मिसाइल अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंची।

### बातचीत जारी, लेकिन समझौता नहीं

*अमेरिका और ईरान पिछले तीन महीने से जारी युद्ध को रोकने के लिए अप्रत्यक्ष बातचीत कर रहे हैं। इन वार्ताओं का उद्देश्य एक अंतरिम समझौता करना है, जबकि ईरान के परमाणु कार्यक्रम जैसे मुद्दों पर आगे बातचीत होनी है। हालांकि बीच-बीच में होने वाली सैन्य झड़पों के कारण अब तक कोई समझौता नहीं हो सका है।*

### इजरायल करा रहा ट्रंप की जासूसी, खुफिया रिपोर्ट से हलचल

*अमेरिका के खुफिया विभाग की एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका में इजरायल की खुफिया गतिविधियां बढ़ गई हैं। इजरायली खुफिया एजेंसी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जासूसी करने में लगी हुई हैं। अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने हाल ही में इजरायल से जुड़े काउंटर-इंटेलिजेंस खतरे का स्तर बढ़ाकर क्रिटिकल कर दिया है, जिसका मतलब है कि इजरायल अमेरिकी अधिकारियों को कभी भी निशाना बना सकते हैं। रिपोर्ट में वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों को संभावित निगरानी से बचने के लिए अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।*

### समुद्र मंथन मिशन कामयाब

## 355 मीटर गहरे पानी में मिला नेचुरल गैस का बड़ा भंडार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

सरकारी कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड को अंडमान ऑफशोर क्षेत्र में दूसरी नेचुरल गैस खोज में सफलता मिली है। कंपनी ने विजयपुरम-3 खोजी कुएं में प्राकृतिक गैस की मौजूदगी की पुष्टि की है। इससे पहले सितंबर 2025 में विजयपुरम में 2 कुएं में भी गैस की खोज हुई थी। कंपनी के अनुसार अब तक ड्रिल किए गए तीन खोजी कुओं में से दो में हाइड्रोकार्बन की मौजूदगी मिली है। इस सफलता से अंडमान बेसिन में भविष्य की खोज गतिविधियों की संभावनाएं मजबूत हुई हैं और यह क्षेत्र तेल और गैस खोज के लिए महत्वपूर्ण बनता दिख रहा है।

### परीक्षण में मिली पुष्टि

मंत्री ने कहा कि 1900 मीटर से अधिक गहराई पर इओसीन संरचना में किए गए शुरुआती उत्पादन परीक्षण के दौरान लगातार फ्लेयरिंग के माध्यम से प्राकृतिक गैस की मौजूदगी स्थापित हुई। कंपनी के अनुसार परफोरेशन के बाद कुएं में दबाव तेजी से बढ़ा और उत्पादन शुरू हो गया. इससे जलाशय की उत्साहजनक विशेषताओं का संकेत मिला।



### कहां हुई नई खोज

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि यह खोज विजयपुरम-3 खोजी कुएं में हुई है। यह कुआं अंडमान द्वीप समूह के पूर्वी तट से लगभग 15 किलोमीटर दूर स्थित है। यह क्षेत्र 355 मीटर गहरे पानी में स्थित है। यह उसी ब्लॉक में आइल द्वारा ड्रिल किया गया दूसरा सफल गैस युक्त कुआं है। कंपनी ने कहा कि अब तक चलाए गए तीन खोजी कुओं में से दो में हाइड्रोकार्बन की मौजूदगी की पुष्टि हो चुकी है।

**समुद्र मंथन मिशन का जिक्र :** हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वतंत्रता दिवस 2025 पर घोषित समुद्र मंथन मिशन के तहत देश के ऑफशोर बेसिनों में बड़ी संख्या में डीपवॉटर और अल्ट्रा डीपवॉटर खोजी कुएं खोदे जाने की योजना है।

### अंडमान बेसिन में बढ़ी उम्मीदें

कंपनी ने कहा कि लगातार दो गैस खोज भारत के ऑफशोर खोज प्रयासों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हैं। विशेष रूप से अपेक्षाकृत कम खोजे गए अंडमान बेसिन के लिए यह एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है। कंपनी के अनुसार यह खोज एक सक्रिय पेट्रोलियम प्रणाली का महत्त्वपूर्ण संकेत है और बेसिन में अतिरिक्त हाइड्रोकार्बन भंडार की मौजूदगी की ओर इशारा कर सकती है।

## सीएम योगी बोले- 2017 के पहले रामभक्त अयोध्या नहीं जा पाते थे, प्रदेश में असुरक्षा का माहौल था



गोंडा

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को करनैलगंज के चकरौत में आयोजित कार्यक्रम में 516 करोड़ रुपये की 262 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने गोंडा के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यह अत्यंत ऊर्जावान जनपद है, लेकिन आजादी के बाद जिस विकास का अधिकारी था, वह उसे नहीं मिला। तुष्टिकरण, जातिवाद, भाई-भतीजावाद और अराजकता के कारण जनपद पिछड़ता चला गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय ऐसा था जब प्रदेश और जिले के युवाओं के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। दूसरे प्रदेशों में लोग दूरी बनाकर चलते थे, लेकिन आज स्थिति बदल चुकी है। अब उत्तर प्रदेश और गोंडा का नाम सुनते ही लोग सम्मान के साथ गले लगाते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र और नौ वर्षों में प्रदेश की डबल इंजन सरकार की नीतियों ने यह बदलाव संभव किया है। योगी ने कहा कि अब सरकारी योजनाओं का लाभ जाति और चेहरे के आधार पर नहीं, बल्कि पात्रता के आधार पर मिल रहा है। उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, वृद्धावस्था, दिव्यांग और निराश्रित महिला पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के लोगों तक पहुंच रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में दंगे, उपद्रव और असुरक्षा का माहौल था। त्योहारों में व्यवधान डाले जाते थे, व्यापारी और बेटियां सुरक्षित नहीं थीं तथा सत्ता में बैठे लोग दंगाइयों को संरक्षण देते थे। अब स्थिति बदल चुकी है। जो भी त्योहारों में खलल डालने की कोशिश करेगा, उसका वर्तमान और भविष्य दोनों समाप्त हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों के इंतजार के बाद राम मंदिर निर्माण डबल इंजन सरकार की बड़ी उपलब्धि है। पहले रामभक्तों पर लाठियां और गोलियां चलती थीं, अब अयोध्या विश्वस्तरीय धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी के रूप में विकसित हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले विकास कुछ क्षेत्रों तक सीमित था, जबकि उनकी सरकार ने हर जिले तक सुविधाएं पहुंचाने का काम किया है। गोंडा में मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कृषि महाविद्यालय, अस्पताल और शिक्षा संस्थान स्थापित किए गए हैं। श्रावस्ती में एयरपोर्ट का निर्माण भी तेजी से चल रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने सांसदों और विधायकों के प्रस्तावों पर सड़क, पुल, पुलिया और अन्य विकास कार्यों को मंजूरी दी है। करनैलगंज और कटरा विधानसभा क्षेत्रों में ही 516 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया गया है। मुख्यमंत्री ने किसानों से प्राकृतिक खेती को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को लाभ मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि यह योजना हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मटियारी घाट पर दीर्घ सेतु निर्माण के लिए घाघरा नदी तट पर स्पर निर्माण और बाढ़ नियंत्रण परियोजना को स्वीकृति दी गई है।

## पीएम मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के साथ बड़ी बैठक, भविष्य की रणनीति पर मंथन



**नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को अपनी 'प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद' के सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य वैश्विक अनिश्चितताओं और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण उत्पन्न ऊर्जा आपूर्ति चुनौतियों के बीच भारत की आर्थिक विकास दर को मजबूती प्रदान करना है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में चर्चा का केंद्र देश की आर्थिक गति को बनाए रखने और विकास की संभावनाओं को बढ़ाने के उपाय रहे। पीएम मोदी ने विशेष रूप से ऐसे सुधारों पर चर्चा की, जिनसे आम नागरिकों के लिए 'ईज ऑफ लिविंग' (जीवन की सुगमता) बेहतर हो सके और देश में 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' का माहौल और अधिक सरल बने। परिषद ने आर्थिक स्थिरता बनाए रखते हुए विकास की गति को तेज करने के रास्तों पर मंथन किया।

बैठक में परिषद के सदस्यों ने बदलते अंतरराष्ट्रीय आर्थिक परिवेश और भारत पर इसके संभावित प्रभावों का आकलन किया। चर्चा में विशेष रूप से पश्चिम एशिया के संघर्ष का वैश्विक बाजारों, व्यापार प्रवाह, ऊर्जा सुरक्षा और आर्थिक वृद्धि पर पड़ने वाले असर को प्राथमिकता दी गई। विशेषज्ञों ने साझा किया कि कैसे भू-राजनीतिक घटनाक्रम भारत और वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब पूरी दुनिया आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अनिश्चितता का सामना कर रही है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और 'होर्मुज जलडमरूमध्य' के बंद होने की आशंका ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है।

### क्या है वर्तमान स्थिति?

अमेरिकी सेना ने दावा किया है कि उन्होंने शुक्रवार को ईरान के चार ड्रोन को मार गिराया, जो होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर बढ़ रहे थे। इसके बाद, अमेरिकी बलों ने ईरान के तटीय निगरानी रडार ठिकानों पर हमले किए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, ये ड्रोन समुद्री यातायात के लिए खतरा थे। इस क्षेत्र से दुनिया का एक बड़ा हिस्सा तेल और प्राकृतिक गैस का आयात-निर्यात करता है। इस ताजा टकराव ने संघर्ष विराम के टूटने और दोनों देशों के बीच फिर से सीधी जंग शुरू होने के डर को बढ़ा दिया है।

## जंतर-मंतर से CJP की चेतावनी: 5 दिन में इस्तीफा दें शिक्षा मंत्री, वरना फिर होगा बड़ा प्रदर्शन

**नई दिल्ली**

NEET पेपर लीक समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी ने शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र, युवा, अभिभावक और विभिन्न राज्यों से आए समर्थक शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग उठाई। CJP के संस्थापक अभिजीत दीपके ने मंच से भावुक संबोधन करते हुए कहा कि उनकी मां को इस बात का डर था कि भारत लौटने पर उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह डर केवल उनकी मां का नहीं, बल्कि हर उस मां का है जिसका बेटा या बेटी व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाता है। उनके इस बयान पर प्रदर्शन स्थल पर मौजूद लोगों ने जोरदार समर्थन जताया। अभिजीत दीपके ने यह भी घोषणा की कि परीक्षा घोटालों और युवाओं के मुद्दों को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने 13 जून को एक बार फिर जंतर-मंतर पर बड़े प्रदर्शन का आह्वान किया और अधिक से अधिक छात्रों व युवाओं से इसमें शामिल होने की अपील की। प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना था कि प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार सामने आ रही गड़बड़ियों से लाखों छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शनकारियों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जंतर-मंतर पर पूरे दिन युवाओं की भारी मौजूदगी देखने को मिली और आंदोलन को सोशल मीडिया पर भी व्यापक समर्थन मिला। कॉकरोच जनता पार्टी दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रही है। फाउंडर अभिजीत दीपके भी मौजूद हैं। हजारों प्रदर्शनकारी इकट्ठा हुए हैं। शिक्षामंत्री इस्तीफा दो के नारे लगाए जा रहे हैं। पार्टी केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रही है।

## सम्पादकीय

# अग्निकांड : मौत के बाद जांच, जांच के बाद खामोशी, हादसे अचानक नहीं होते

राजधानी दिल्ली में एक इमारत में आग लगने की वजह से इक्कीस लोगों की जान चली गई। उसके अगले ही दिन बिहार के मुजफ्फरपुर में एक निजी अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में आग लग गई, जिसमें पांच लोगों के मरने की खबरें आईं। किसी भी हादसे का सबसे जरूरी सबक यह होना चाहिए कि भविष्य में ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि वैसी घटना दोबारा न हो। मगर ऐसा लगता है कि आए दिन इमारतों में आग लगने और उसमें लोगों की जान जाने की घटनाओं से कोई सबक नहीं लेने की लापरवाही एक सामान्य चलन बन चुकी है। राजधानी दिल्ली में एक इमारत में आग लगने की वजह से इक्कीस लोगों की जान चली गई। उसके अगले ही दिन बिहार के मुजफ्फरपुर में एक निजी अस्पताल के सघन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में गुरुवार को भीषण आग लग गई, जिसमें पांच लोगों के मरने की खबरें आईं। इस घटना ने एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं में व्यवस्थागत कमियों की कलई खोल दी है। आमतौर पर किसी भी अस्पताल में मरीज इस उम्मीद में इलाज कराने जाते हैं, ताकि उनकी जिंदगी बच सके। मगर जब वहां अति सुरक्षित माने जाने वाले कक्ष में ही उनकी जान पर बन आए, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? अस्पतालों में सुरक्षा नियमों की जिस तरह अनदेखी हो रही है, उससे स्पष्ट है कि चिकित्सा एक ऐसे व्यवसाय का रूप ले चुकी है, जहां शायद जिंदगी की कोई कीमत नहीं। पिछले कुछ वर्षों में अस्पतालों में आग लगने की घटनाओं के दौरान अग्नि सुरक्षा मानकों में बार-बार गंभीर खामियां पाई गई हैं। बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। मुजफ्फरपुर में हुए हादसे ने साफ कर दिया है कि अस्पताल में किस हद तक घोर लापरवाही बरती जा रही थी। मामले की जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों का पांच सदस्यीय दल बनाया गया है। अब जांच की रिपोर्ट कब आएगी, उस पर क्या कार्रवाई होगी, यह आम लोगों को शायद ही पता चले। मगर इस घटना में मारे गए मरीज कभी घर नहीं लौटेंगे। बेहतर होता कि स्वास्थ्य विभाग संबंधित अस्पताल से तत्काल जवाब-तलब करता कि मरीजों की सुरक्षा के लिए आपातकालीन निकास की व्यवस्था के साथ अग्निरोधक उपाय उसने पहले क्यों नहीं किए। हैरत की बात है कि अस्पताल परिसरों में शॉर्ट सर्किट जैसी समस्या से निपटने को लेकर एहतियात बरतना और बुनियादी इंतजाम करना जरूरी नहीं समझा जाता है। जांच और राहत के आश्वासनों से इतर सवाल यह है कि इस तरह की व्यापक लापरवाही के लिए प्रशासन की अनदेखी की जवाबदेही कब तय की जाएगी! मालवीय नगर के होटल में लगी भीषण आग में 21 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। एक बार फिर इस घटना ने राजधानी दिल्ली के लचर नागरिक प्रशासन और सुरक्षा इंतजामों की पोल एक बार फिर खोल दी है। दक्षिण दिल्ली के हौज रानी (मालवीय नगर) इलाके में स्थित ह्यफ्लरिश स्टे बीएंडबी होटल में बुधवार, 3 जून 2026 की सुबह लगी इस भीषण आग ने 21 जिंदगियां निगल लीं। मरने वालों में 18 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं जो दिल्ली के बड़े अस्पतालों में इलाज कराने आए थे। इस हृदयविदारक हादसे ने पूरी राष्ट्रीय राजधानी को झकझोर कर रख दिया है। यह सिर्फ एक हादसा नहीं है, बल्कि भ्रष्ट व्यवस्था, प्रशासनिक सुस्ती और नियमों को ताक पर रखकर इंसानी जिंदगियों से खिलवाड़ करने का एक और खूनी सबूत है।


सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

# मिलावट-मुक्त भारत से ही विकसित भारत संभव

**विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस (7 जून 2026) पर विशेष**


आलोक सोलंकी





हर वर्ष 7 जून को मनाया जाने वाला विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस केवल सुरक्षित भोजन की आवश्यकता का स्मरण कराने वाला दिवस नहीं है, बल्कि यह मानव स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण, आर्थिक समृद्धि और सतत विकास के लिए एक वैश्विक संकल्प का अवसर भी है। वर्ष 2026 की थीम खाद्य सुरक्षाः विज्ञान की सक्रिय भूमिका इस बात पर बल देती है कि विज्ञान, अनुसंधान, तकनीक और प्रभावी निगरानी प्रणालियों के माध्यम से ही सुरक्षित खाद्य व्यवस्था सुनिश्चित की जा सकती है। लेकिन विडम्बना यह है कि भारत जैसे विशाल कृषि प्रधान देश में खाद्य पदार्थों, दवाइयों और दैनिक उपभोग की वस्तुओं में बढ़ती मिलावट इस लक्ष्य को गंभीर चुनौती दे रही है। मिलावट केवल खाद्य सुरक्षा का प्रश्न नहीं है, यह राष्ट्र के स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, नैतिकता और वैश्विक प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ विषय है। जिस देश को विश्वगुरु और विकसित भारत बनने का सपना है, वहां यदि दूध, घी, मावा, मसाले, अनाज, मिठाइयां, फल-सब्जियां और यहां तक कि जीवनरक्षक दवाइयां भी मिलावट की शिकार हों, तो यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। यह केवल कानून का उल्लंघन नहीं, बल्कि मानवता के विरुद्ध अपराध है।

भारत में मिलावट का कारोबार आज एक संगठित आर्थिक अपराध का रूप ले चुका है। दूध में डिटर्जेंट, यूरिया और सिंथेटिक रसायनों का प्रयोग, मावे में स्टार्च और रासायनिक पदार्थों की मिलावट, मसालों में रंग और धूल, शहद में चीनी सिरप, खाद्य तेलों में सस्ते तेलों का मिश्रण तथा फलों और सब्जियों को कृत्रिम रसायनों से पकाना आम बात हो गई है। बाजार में बिकने वाले अनेक उत्पाद देखने में आकर्षक होते हैं, लेकिन भीतर से विषैले सिद्ध होते हैं। स्थिति तब और भयावह हो जाती है जब दवाइयों में मिलावट या नकली दवाओं का मामला सामने आता है। पिछले वर्षों में विभिन्न राज्यों में नकली अथवा घटिया दवाओं के सेवन से अनेक लोगों की मृत्यु और गंभीर स्वास्थ्य संकट की घटनाएं सामने आईं। राजस्थान के कोटा सहित कई स्थानों पर ऐसी खबरों ने पूरे देश को झकझोर दिया।

> **भारत में मिलावट का कारोबार आज एक संगठित आर्थिक अपराध का रूप ले चुका है। दूध में डिटर्जेंट, यूरिया और सिंथेटिक रसायनों का प्रयोग, मावे में स्टार्च और रासायनिक पदार्थों की मिलावट, मसालों में रंग और धूल, शहद में चीनी सिरप, खाद्य तेलों में सस्ते तेलों का मिश्रण तथा फलों और सब्जियों को कृत्रिम रसायनों से पकाना आम बात हो गई है। बाजार में बिकने वाले अनेक उत्पाद देखने में आकर्षक होते हैं, लेकिन भीतर से विषैले सिद्ध होते हैं। स्थिति तब और भयावह हो जाती है जब दवाइयों में मिलावट या नकली दवाओं का मामला सामने आता है। पिछले वर्षों में विभिन्न राज्यों में नकली अथवा घटिया दवाओं के सेवन से अनेक लोगों की मृत्यु और गंभीर स्वास्थ्य संकट की घटनाएं सामने आईं। राजस्थान के कोटा सहित कई स्थानों पर ऐसी खबरों ने पूरे देश को झकझोर दिया।**

जब जीवन बचाने वाली दवा ही मौत का कारण बनने लगे, तब यह केवल स्वास्थ्य व्यवस्था की विफलता नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। मिलावट का सबसे बड़ा दुष्प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है। कैंसर, किडनी रोग, हृदय रोग, यकृत संबंधी विकार, हार्मोन असंतुलन, बच्चों में कुपोषण, महिलाओं में स्वास्थ्य समस्याएं तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता में कमी जैसी अनेक गंभीर समस्याओं का संबंध दूषित एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों से जुड़ता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार असुरक्षित भोजन के कारण हर वर्ष करोड़ों लोग बीमार पड़ते हैं। भारत में भी स्वास्थ्य पर पड़ने वाला यह बोझ लगातार बढ़ रहा है। किन्तु मिलावट का संकट केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। यह देश की अर्थव्यवस्था पर भी गहरा प्रहार करता है। जब किसी देश के खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता संदिग्ध हो जाती है, तब अंतरराष्ट्रीय बाजार में उसकी विश्वसनीयता प्रभावित होती है। निर्यात घटता है, विदेशी निवेश प्रभावित होता है और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में देश पिछड़ जाता है। भारत कृषि उत्पादों और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग का एक बड़ा केंद्र बन सकता है, लेकिन मिलावट की समस्या उसकी संभावनाओं पर ग्रहण लगा रही है। इससे भी अधिक चिंता का विषय यह है कि मिलावट सामाजिक मूल्यों के क्षरण का प्रतीक बनती जा रही है। कुछ लोग त्वरित लाभ और अधिक मुनाफे की लालसा में दूसरों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। यह केवल आर्थिक भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि नैतिक पतन का भी संकेत है। जब समाज में ईमानदारी और उत्तरदायित्व की भावना कमजोर पड़ती है, तब ऐसे अपराध फलने-फूलने लगते हैं। सरकारों ने समय-समय पर खाद्य सुरक्षा और मानक कानून बनाए हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) सहित अनेक संस्थाएं निगरानी और परीक्षण का कार्य करती हैं। फिर भी जमीनी स्तर पर भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, निरीक्षण तंत्र की कमजोरी और कानूनी प्रक्रियाओं की धीमी गति मिलावट के विरुद्ध अभियान को प्रभावी नहीं बनने देती। अनेक मामलों में दोषियों को दंड मिलने में वर्षों लग जाते हैं, जिससे अपराधियों के हौसले बढ़ते हैं।

आज आवश्यकता केवल कानून बनाने की नहीं, बल्कि उन्हें कठोरता और पारदर्शिता के साथ लागू करने की है। खाद्य पदार्थों की नियमित जांच, आधुनिक प्रयोगशालाओं का विस्तार, डिजिटल ट्रैकिंग प्रणाली, त्वरित न्याय व्यवस्था और दोषियों के लिए कठोर दंड आवश्यक हैं। मिलावट को सामान्य आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य के विरुद्ध गंभीर अपराध माना जाना चाहिए। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस 2026 की थीम विज्ञान की भूमिका पर जोर देती है। विज्ञान और तकनीक मिलावट के विरुद्ध सबसे प्रभावी हथियार बन सकते हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ब्लॉकचेन आधारित आपूर्ति श्रृंखला, आधुनिक परीक्षण तकनीक, मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब तथा उपभोक्ता जागरूकता एप्लिकेशन खाद्य सुरक्षा को नई दिशा दे सकते हैं। वैज्ञानिक निगरानी से उत्पादन से लेकर उपभोग तक हर चरण में गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकती है। लेकिन केवल सरकार या विज्ञान ही इस समस्या का समाधान नहीं कर सकते। समाज और उपभोक्ताओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। जागरूक नागरिकों को संदिग्ध उत्पादों की शिकायत करनी चाहिए, प्रमाणित उत्पादों का उपयोग करना चाहिए तथा स्थानीय स्तर पर खाद्य सुरक्षा के प्रति जनजागरण अभियान चलाने चाहिए। विद्यालयों, महाविद्यालयों, सामाजिक संस्थाओं और धार्मिक संगठनों को भी इस विषय को सामाजिक आंदोलन का रूप देना होगा।

भारत आज विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2047 में स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे होने पर यदि हम वास्तव में एक विकसित, स्वस्थ और सम्मानित भारत का निर्माण करना चाहते हैं, तो मिलावट-मुक्त भारत को राष्ट्रीय अभियान बनाना होगा। जिस प्रकार स्वच्छ भारत अभियान ने जनभागीदारी से व्यापक परिवर्तन लाया, उसी प्रकार मिलावट के विरुद्ध भी राष्ट्रीय चेतना का निर्माण आवश्यक है। भारत की पहचान योग, आयुर्वेद, शुद्ध आहार, नैतिक जीवन-मूल्यों और सर्वे भवन्तु सुखिनः की संस्कृति से रही है। यह पहचान तभी सार्थक होगी जब हमारे भोजन, दवाइयों और उपभोग की वस्तुओं में शुद्धता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो। एक ऐसा भारत, जहां भोजन विश्वास का प्रतीक हो, जहां दवा जीवन का संरक्षण करे, जहां व्यापार नैतिकता पर आधारित हो और जहां उपभोक्ता निश्चिंत होकर बाजार से वस्तुएं खरीद सके-वही विकसित भारत का वास्तविक स्वरूप होगा। विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस हमें यह संदेश देता है कि सुरक्षित भोजन केवल स्वास्थ्य का अधिकार नहीं, बल्कि मानव गरिमा और राष्ट्रीय विकास की आधारशिला है। यदि हम आज मिलावट के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष का संकल्प लें, तो आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध भारत दे सकते हैं। शुद्ध आहार, स्वस्थ परिवार, मिलावट-मुक्त भारत, विकसित भारत का आधार, यही 2047 के विकसित भारत की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम होगा और यही विश्व समुदाय के समक्ष भारत को एक आदर्श राष्ट्र के रूप में स्थापित करेगा।

# आखिर कैसे रूकेंगे मालवीय नगर होटल अग्निकांड जैसे हादसे, जिम्मेदार कौन?

कमलेश पांडे



दिल्ली के मालवीय नगर स्थित होटल-अग्निकांड में 21 लोगों की मृत्यु और दर्जनों के घायल होने की घटना केवल एक दुर्घटना नहीं, बल्कि सुरक्षा नियमों की संभावित विफलता और प्रशासनिक लापरवाही पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। दुर्भाग्य की बात है कि दिल्ली या अन्य महानगरों में हुई ऐसी ही घटनाओं से सिविल/पुलिस प्रशासन ने कोई सीख नहीं ली, जिससे यह हादसा भी नियति का खेल बनकर रह गया। प्रशासन को इसे गम्भीरता से लेना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर लगाम लगे, जिससे इतनी भारी क्षति नहीं हो पाए।

प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, भवन में केवल एक प्रवेश-निकास मार्ग था, बेसमेंट और ऊपरी मंजिलों में क्षमता से अधिक कमरे संचालित किए जा रहे थे, तथा अग्नि सुरक्षा मानकों के पालन पर भी सवाल उठ रहे हैं। लिहाजा यह प्रश्न मौजूं है कि आखिर इस लोमहर्षक और दर्दनाक घटना का जिम्मेदार कौन? यह ठीक है कि जांच पूरी होने से पहले अंतिम निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा, लेकिन सामान्यतः ऐसी घटनाओं में जिम्मेदारी कई स्तरों पर तय होती है जो इस प्रकार से समझी जा सकती है:-

**पहला, होटल मालिक और अदूरदर्शी प्रबंधनः** यदि बिना वैध अग्नि सुरक्षा अनुमति के संचालन हुआ। यदि निर्धारित क्षमता से अधिक कमरे या अवैध निर्माण किए गए। यदि आपातकालीन निकास, अलार्म और अग्निशमन उपकरण पर्याप्त नहीं थे। तो इसका सीधा तातपर्य है कि होटल मालिक के अदूरदर्शी प्रबंधन ने लोगों को अप्रत्याशित मुसीबत की आग में झुलसने को मजबूर कर दिया और समय पर समुचित मदद उनतक नहीं पहुंच पाई। यह जांच का विषय है और शायद इसी वजह से होटल मालिक को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में भी लिया है।

**दूसरा, लाइसेंस और निरीक्षण देने वाली एजेंसियांः** यदि नियमों के उल्लंघन के बावजूद संचालन जारी रहा। यदि नियमित निरीक्षण केवल कागजों तक सीमित रहे, तो लाइसेंस जारी करने और निरीक्षण देने वाली एजेंसियों पर उँगली उठनी स्वाभाविक बात है, क्योंकि इनकी लापरवाही या मिलीभगत से न केवल जान-माल की भारी क्षति हुई, बल्कि केंद्र व राज्य सरकार के गुणवत्ता हीन विकास और कथित सुशासन के दावों की भी हवा निकल गई। चूंकि इस अग्निकांड के विदेशी नागरिक भी शिकार बताए जाते हैं, इसलिए विदेशों में भारत की बदनामी स्वाभाविक है और इससे दिल्ली समेत देश का पर्यटन कारोबार भी प्रभावित हो सकता है।

**तीसरा, स्थानीय प्रशासन और नगर निकायः** अवैध निर्माण, क्षमता से अधिक उपयोग और सुरक्षा उल्लंघनों की समय रहते पहचान न कर पाना भी जांच का विषय है। चूंकि स्थानीय प्रशासन और नगर निकाय से जुड़े जिम्मेदार लोग भी यदि समय रहते ही खामियां पकड़ लिए होते और स्पष्ट कार्रवाई किये होते तो राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली की इतनी बदनामी नहीं होती।

**इसलिए यक्ष प्रश्न समुपस्थित है कि आखिर कबतक ऐसे दर्दनाक हादसे रुकेंगे और कैसे रुकेंगे? इसका जवाब निम्नतम हो सकता है:-**

पहला, शून्य-सहनशीलता नीतिः बिना Fire NOC वाले होटल, गेस्ट हाउस और रेस्तरां तत्काल बंद किए जाएं। दूसरा, डिजिटल और सार्वजनिक निरीक्षणः सभी होटलों की अग्नि सुरक्षा स्थिति ऑनलाइन सार्वजनिक हो ताकि ग्राहक भी देख सकें कि होटल सुरक्षित है या नहीं। तीसरा, बहु-निकास अनिवार्यः एक ही प्रवेश-निकास वाले भवनों को होटल या व्यावसायिक उपयोग की अनुमति न दी जाए। चौथा, आपातकालीन अभ्यासः होटल कर्मचारियों और अतिथियों के लिए नियमित फायर ड्रिल अनिवार्य हो। पांचवां, व्यक्तिगत जवाबदेहीः केवल जुमार्ना नहीं, बल्कि गंभीर लापरवाही साबित होने पर होटल मालिकों और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई हो। छठा, नागरिक जागरूकताः होटल में ठहरते समय लोगों को भी आपातकालीन निकास, अग्निशमन यंत्र और सुरक्षा संकेतों पर ध्यान देना चाहिए।

इस घटना से हमें व्यापक सबक मिलती है, क्योंकि यह घटना हमें यह याद दिलाती है कि भारत में कई बार हादसों के बाद जांच और मुआवजे की घोषणा तो होती है, लेकिन सुरक्षा संस्कृति में अपेक्षित बदलाव नहीं आता। 2019 के दिल्ली होटल अग्निकांड सहित कई बड़ी आग की घटनाओं के बाद भी वही समस्याएं– एकमात्र निकास, अवैध निर्माण, और सुरक्षा मानकों की अनदेखी–दोहराई जाती रही हैं। ऐसे में फिर यदि जांच में सुरक्षा नियमों की अनदेखी सिद्ध होती है, तो जिम्मेदारी केवल होटल मालिक तक सीमित नहीं रहनी चाहिए; उन सभी संस्थाओं और अधिकारियों की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए जिनकी निगरानी में यह व्यवस्था चल रही थी।

## लघुकथा

# बेटी

छुट्टी की बड़ी समस्या है दीदी, पापा अस्पताल में नर्सो के सहारे हैं! भाई से फोन वार्ता समाप्त होते ही सुमी तुरन्त अटैची तैयार कर बनारस से दिल्ली चल दी। अस्पताल पहुँचते ही देखा कि पापा बेहोशी के हालत में बड़बड़ा रहे थे। उसने झट से उनका हाथ अपने हाथों में लेकर, एहसास दिला दिया कि कोई है, उनका अपना। हाथ का स्पर्श पाकर जैसे उनके मृतप्राय शरीर में जान-सी आ गयी हो। वातार्लाप घर-परिवार से शुरू होकर न जाने कब जीवन बिताने के मुद्दे पर आकर अटक गयी। एक अनुभवी स्वर प्रश्न बन उभरा, तो दूसरा अनुभवी स्वर उत्तर बन बोल उठा–"पापा, पहला पड़ाव आपके अनुभवी हाथ को पकड़ के बीत गया। दूसरा पति के ताकतवर हाथों को पकड़ बीता और तीसरा बेटों के मजबूत हाथों में बीत गया।"



"चौथा ...! वह कैसे बीतेगा, कुछ सोचा? वही तो बीतना कठिन होता है बिटिया।"

"चौथा आपकी तरह!"

"मेरी तरह! ऐसे बीमार, निःसहाय!"

"नहीं पापा, आपकी तरह अपनी बिटिया के शक्तिशाली हाथों को पकड़, मैं भी चौथा पड़ाव पार कर लूँगी।" "मेरा शक्तिशाली हाथ तो मेरे पास है, पर तेरा किधर है?" पिता ने मुस्कुराकर पूछा। "नानाजी..." तभी अंशु का सुरीला स्वर उनके कानों में पड़ा जो पूरे कमरे को संगीतमय कर गया।

## कहानी

# बच्चे की कसम (भाग-2)

मैं भी फंस जाऊंगा साहब। मैंने तो आपको मना भी किया था कि इन लोगों से दूर रहो पर आप नहीं माने। बहुत बुरी तरह से फंस गए आप। किसी तरह से सेटल कीजिये साहब नहीं तो अनर्थ हो जाएगा। हरिकेश हैरान-परेशान और चिंतित हो उठा। उसे कुछ समझ में नहीं आ रहा था कि क्या करे? उसके दिमाग में घर - परिवार, अबोध बच्चा, पत्नी, अम्मा-बाबूजी,छोटी बहन,जेल-पुलिस,कोर्ट जैसे कई विचार आए-गए। उसने ढाबे वाले से कातर स्वर में कहा-हाँ भाई, तुम्हारी बात न मानकर मैंने गलती की पर अब तो मैं फंस गया हूँ। किसी तरह उबारिये मुझको। मैं फैमिली वाला आदमी हूँ। इन सबमें पड़ गया तो मेरा परिवार तबाह हो जाएगा। किसी तरह उबारो आप मुझे इस सब से। देखता हूँ साहब क्या हो सकता है मुझसे? कहीं कुछ ऊंच-नीच हो गयी उस आदमी के साथ तो आपकी वजह से कहीं मैं भी न फंस जाऊं। आप अंदर जाकर बैठिए। मुझे तो डर है कहीं इन भिखारियों का झुंड आप पर हमला न कर दे। पहले से डरा हुआ हरिकेश यह सुनकर और भी डर गया। वह काउंटर के पीछे जाकर फ्रिज और अन्य सामग्री के बीच छिपकर इस प्रकार बैठ गया कि भिखारियों का झुंड उसे देख न सके। उससे बात करके ढाबे वाला भिखारियों के पास चला गया। उसके पीछे हरिकेश अपने साथ होने वाली अनिष्ट एवं अनहोनी को सोचकर डरता रहा। काफी देर तक चीखने-चिल्लाने,रोने-धोने की आवाजें आती रहीं। हरिकेश इस दरम्यान अपने देवता-पित्तर को सुमिरता रहा। ढाबे वाला जब लौटा तो उसने परेशान स्वर में कहा-साहब ये लोग किसी भी तरह मान नहीं रहे हैं। मैंने हर जतन कर-के देख लिया। दवा कराने को भी कहा पर नहीं माने। इन लोगों की भी यूनियन होती है। कुछ लोग उन्हें बुलाने गए हैं। थोड़ी देर में और भी इनके लोग आ जाएंगे। थाना-पुलिस तो होगा ही मगर उससे पहले मार-पीट भी हो सकती है। मैंने इस सबसे बचने की बात की तो बीस हजार रुपये मांगे हैं। अब आप ही बताएं साहब क्या किया जाए। आपसे तो सिर्फ इतने पैसे ही मांगे हैं। मेरा तो न जाने क्या हो अभी। ढाबा बंद करवाने की भी धमकी दे रहे हैं। मेरा तो जो होगा सो होगा पर आपको पहले बचाऊंगा। आप किसी तरह से ये मामला दस-पंद्रह हजार के बीच सेटल करके यहां से बच के निकलो। हरिकेश को कुछ सूझ ही नहीं रहा था कि क्या करे? उसने घर-परिवार के बारे में सोचा। फिर अचानक अपनी सोच को झटकते हुए उसने निर्णय किया। उसने अपनी सभी जेबों को जमा तलाशी लेने के बाद सारे पैसे गिने। कुल आठ हजार आठ सौ सत्तर रुपये निकले। उसने ढाबे वाले को सारे पैसे देते हुए कहा-अब एक फूटी कौड़ी नहीं है मेरे पास। चाहे मेरे बच्चों की कसम ले लो मुझसे। यही सब कुछ था। ढाबे वाले ने उससे सारे पैसे ले लिये और धीरे से बोला-साहब, वैसे तो ये पैसे पूरे नहीं हैं लेकिन जब आप अपने बच्चे की कसम खा रहे हैं तो फिर जाइये। अब जो कुछ भी होगा मैं मैनेज कर लूंगा। चाहे मुझे जो भी करना पड़े। अपनी मोटरसाइकिल की चाबी मुझे दीजिये और ढाबे के पीछे खड़े हो जाएं। वहीं दूसरी तरफ की सड़क से निकल जाएं। इधर बहुत बवाल है। हरिकेश ने ढाबे वालो को चाबी दी और ढाबे के पीछे चला गया। थोड़ी देर बाद ढाबे वाला मोटरसाइकिल ढाबे के पीछे ले आया। हरिकेश ने बिना कुछ कहे मोटरसाइकिल स्टार्ट की और पांच-छह कदम चलने के बाद मोटरसाइकिल रोक कर घूम कर ढाबे वाले को निर्विकार भाव को देखते हुए कहा- मैंने उस भिखारी को जो खाना खाने को दिया था उसमें कुछ भी गड़बड़ी नहीं थी। मुझे मेरे बच्चे की कसम है, मगर फिर भी फंस गया मैं। ये कहकर वह ढाबे वाले की बात का जवाब लिए बिना मोटरसाइकिल लेकर तेजी से आगे बढ़ गया। ढाबे वाला हरिकेश को जाते हुए तब तक देखता रहा जब तक वह नजरों से ओझल नहीं हो गया। ढाबे वाला धीरे से बुदबुदाया, मैं जानता हूँ साहब कि आपने भिखारी को जो खाना दिया था उसमें कुछ गड़बड़ नहीं था।आज आपका दिया हुआ खाना नहीं बल्कि आपका नसीब गड़बड़ था जो फंस गए। बच्चे की कसम... ये कहते हुए ढाबेवाला कुटिलता से हँसा।

**-दिलीप कुमार**

# हमारा पार्षद कैसा हो

संतोष उत्सुक

(व्यंग्य)

ऐसा कहना तो ख़्वाब में बात करना होगा कि पार्षद पद के उम्मीदवार में ईमानदारी होनी जरूरी है। पार्षद को बातें ज्यादा काम कम करना चाहिए। जीतने के बाद खास खास बंदों के फोन उठाने चाहिएं। दूसरी पार्टी के बंदों के फोन नम्बर डीलीट कर देना चाहिए। ऐसा भी कहा जाता है कि वार्ड की हर समस्या की जिम्मेदारी उसकी होती है।

हमारे शहर में स्थानीय लोकसभा यानी नगर परिषद का चुनाव घोषित हो गया है। अखबारों को नई मगर घिसी पिटी खबरें मिल गई हैं और वोटरों को एक और चुनाव। कॉलम छप रहे हैं, कैसा हो पार्षद, यानी उन्होंने औसत पार्षद के बारे में लोगों की राय पूछी है। राय जैसी भी हो लेकिन राय देने वालों की फोटोज बढ़िया चमकदार छप रही हैं, जैसे आधार कार्ड या वोटर कार्ड धारक असली जीवन में नहीं पहचाना जाता कुछ ऐसा ही राय देने वाले लग रहे।

उनकी राय पढने के बाद जो मुझे समझ में आया उसके अनुसार हमारा पार्षद कुछ ऐसा होना चाहिए। उसे पार्षद बनते ही ठेकेदार का चोगा पहन लेना चाहिए और स्वार्थ भाव से सड़क, गली, नाली, सुरक्षा दीवार सेवा का ठेका लेने के लिए पूजा शुरू कर देनी चाहिए। पार्षद बनने के लिए किसी भी वार्ड से चुनाव जैसे कैसे ऐसे वैसे कर जीत लेना चाहिए। वह राजनीति को समाजसेवा का जज्बा बताए। धर्म और जाति के आधार पर भेदभाव जरूर करे। सबकी बातों को गंभीरता से न ले। खुद चुनाव लड़ने में कोई पेंच हो तो पत्नी को पार्षद बनवा देना चाहिए। हमारा पार्षद ऐसा होना चाहिए जो जन सुविधाओं, गलियों में गंदगी, बंद स्ट्रीट लाइटों और टूटी सड़कों पर ज्यादा ध्यान न देकर कई तरह की राजनीति करे और अपने खास बंदों के काम करवाए। मंच पर भाषण बढ़िया दे, अपना फायदा सोचे और अपनी राजनैतिक पार्टी को मजबूत करे। उसकी छवि स्वच्छ होने की बिलकुल जरूरत नहीं।



ऐसा कहना तो ख़्वाब में बात करना होगा कि पार्षद पद के उम्मीदवार में ईमानदारी होनी जरूरी है। पार्षद को बातें ज्यादा काम कम करना चाहिए। जीतने के बाद खास खास बंदों के फोन उठाने चाहिएं। दूसरी पार्टी के बंदों के फोन नम्बर डीलीट कर देना चाहिए। ऐसा भी कहा जाता है कि वार्ड की हर समस्या की जिम्मेदारी उसकी होती है। अगर ऐसा है तो वह अपने घर का काम कब करेगा। किसी ने कहा कि उसे बुद्धिजीवी होना चाहिए। बुद्धिजीवी राजनीति में आकर अबुद्धिजीवियों वाले उलटे, टेढ़े, मेढ़े भूरे और काले काम करेंगे तो पहले से जो अबुद्धिजीवी अराजनीति कर रहे हैं उनका भविष्य क्या होगा। किसी ने नहीं कहा कि संभावित पार्षद गंजा नहीं होना चाहिए। उसे सुन्दर और शाकाहारी होना चाहिए या उसे पहले से ही ठेकेदार होना चाहिए। ऐसा होना मुश्किल है लेकिन लोग चाहते हैं कि वह सर्वधर्म सम्मान वाला हो। क्षेत्रवाद और धर्म जैसी संकीर्ण मानसिकता से दूर हो। पार्षद महिला हो तो उनका पति लीडर बनकर न घूमे।

हर गली में नियमित रूप से जाए। लोगों के बोलने से पहले ही समस्याओं का समाधान करे। सड़कों को बिना गड्ढों के रखे। पता नहीं आम जनता, पार्षद जैसे राजनीतिज्ञ से भी इतना कुछ असंभव सा चाहती है। वह अपने घर के बाहर अभी अपने नाम का बोर्ड भी नहीं लगा पाता जनता काम बताना शुरू कर देती है। पार्षद बनने से पहले वह भी आम आदमी ही होता है। पार्षद बनने के बाद भी उसे अपने बच्चों और पत्नी के काम करने पड़ते हैं। इसलिए जैसे हम दूसरे राजनेताओं, विधायक और मंत्री से आशा रखते हैं वैसी ही उम्मीद उससे भी रखने में क्या हर्ज है, तो कहिए हमारा पार्षद कैसा हो, दूसरे नेताओं जैसा ही हो।

# जो सरकार गाय की रक्षा नहीं करती, वह नरक में जाएगी

## करहल पहुंचे शंकराचार्य ने भाजपा पर जमकर मिला बोला



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** शनिवार को करहल में ज्योतिमठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने मीटेपुर से इटावा जनपद के लिए प्रस्थान किया। इससे पूर्व उन्होंने पूर्व एमएलसी अरविन्द प्रताप यादव के मीटेपुर स्थित कॉलेज में रात्रि विश्राम किया। सुबह उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रवचन दिए और गोमाता को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की मांग फिर दोहराई।

इटावा प्रस्थान से पूर्व प्रेसवार्ता में शंकराचार्य ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा गाय का नाम लेकर सत्ता में आई थी, लेकिन सरकार ने गायों के संरक्षण और सेवा पर ध्यान नहीं दिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा गो हत्यारों से चंदा लेने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि जो सरकार गाय की रक्षा नहीं करती, वह नरक में जाएगी। हरिद्वार अर्द्धकुंभ में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री की ओर से उन्हें निमंत्रण प्राप्त हो चुका है और वह अर्द्धकुंभ में शामिल होंगे। चुनाव से पहले गोरक्षा अभियान चलाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से इस अभियान को चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में स्वयं योगी आदित्यनाथ ने भी गाय को राष्ट्रमाता घोषित किए जाने की बात कही थी।

### आध्यात्मिक व्यक्ति को सांसारिक पदों से दूर रहना चाहिए

राजनीति में आने के सवाल पर शंकराचार्य ने कहा कि वह सैद्धांतिक रूप से इसके विरोधी हैं। उनका मानना है कि आध्यात्मिक व्यक्ति को सांसारिक पदों से दूर रहना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि योगी आदित्यनाथ अब योगी नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री हैं।

### अतिथि देवो भवः का पालन नही हुआ

कन्नौज में रुकने की अनुमति न मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अतिथि देवो भव की परंपरा का पालन नहीं हुआ, जिससे भारतीय संस्कृति को ठेस पहुंची है। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी अरविंद यादव, सिंकी यादव, हरिगोविन्द यादव, प्रिंस यादव, प्रदीप पाल, बंटू यादव, लालू यादव, समरपाल यादव आदि मौजूद रहे।

## पीर कल्याणी में नगर निगम का बुलडोजर चला, अवैध निर्माणों पर बड़ी कार्रवाई

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** शहर में अवैध कब्जों और अतिक्रमण के खिलाफ नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को नगर निगम की टीम ने पीर कल्याणी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों पर बुलडोजर चलाया। कार्रवाई के दौरान दुकानों के बाहर बनाए गए रैंप, स्लैप और अन्य अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया गया। नगर निगम की टीम ने क्षेत्र में अभियान चलाते हुए सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। बुलडोजर की कार्रवाई के दौरान कई दुकानों के सामने बनाए गए अवैध रैंप और स्लैप तोड़ दिए गए। इसके साथ ही कुछ दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई भी की गई। अधिकारियों ने उन दुकानदारों को 24 घंटे का समय दिया है, जिन्होंने अब भी अवैध निर्माण और अतिक्रमण कर रखा है। स्पष्ट चेतावनी दी गई कि निर्धारित समय सीमा के भीतर स्वयं अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो नगर निगम सख्त कार्रवाई करेगा और उसका खर्च भी संबंधित लोगों से वसूला जाएगा। कार्रवाई के दौरान दुकानों के बाहर रखे सामान को भी नगर निगम की टीम ने जब्त कर लिया। इस दौरान कई दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा और क्षेत्र में कार्रवाई देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी रही। नगर निगम अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। सड़क, नाली, फुटपाथ और सार्वजनिक स्थलों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी नियमों के उल्लंघन की अनुमति नहीं दी जाएगी। अभियान के दौरान नगर निगम का प्रवर्तन दल, सचल दस्ता और अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था सुधारने और आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## जीटी रोड पर रोडवेज बसें रुकने से लगता है घंटो जाम

### - नवीन रोडवेज बस स्टैंड पर पांच दिन रुकने के फिर रुकना बंद

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**कुरावली/मैनपुरी।** नगर के पुराने अस्थाई रोडवेज बस स्टैंड जीटी रोड पर ही रोडवेज बसो के रुकने से जीटी रोड पर अब रोज घंटो जाम लगने लगा है। जिससे नगर व क्षेत्र के गांवो से आने वाले लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जीटी रोड पर एक साथ कई रोडवेज बसो के रुकने से जाम के हालात बन जाते है। कुरावली में जीटी पर जाम की समस्या एक लाइलाज बीमारी बन गई है। जिसका अलात ही नही हो पा रहा है। ज्ञात हो कि कुरावली में नवीन रोडवेज बस स्टैंड का निर्माण सपा सरकार के दौरान वर्ष 2005 में कराया गया था, निर्माण होने के बाद से इस रोडवेज बस स्टैंड पर कभी रौनक दिखाई नहीं दी, क्यों कि यहां पर रोडवेज बसो का संचालन कभी हुआ ही नहीं, अगर किसी के द्वारा इस संबंध में आवाज उठाई गई तो कुछ दिनो के लिए बस स्टैंड पर बसो को रोका जाने लगा, लेकिन कुछ ही दिनो के बाद बसें फिर जीटी रोड पर खड़ी होने लगी। कुछ माह पूर्व रोडवेज बसो के जीटी रोड पर रुकने की आवाज उठाई गई तो करीब 10 दिन तक रोडवेज बसें नवीन बस स्टैंड पर रुकने लगी, बसें सवारियो को वही से बिठाने और उतारने लगी, कुछ ही दिनो के बाद हालात जस के तस हो गए।

### रोडवेज चालको की मनमानी लोगो पर भारी

नवीन बस स्टैंड पर बसो के न रुकने के पीछे रोडवेज चालको की मनमानी मानी जा रही है। चालक बसो को सीधे पुराने अस्थाई रोडवेज बस स्टैंड जीटी पर ही लाकर खड़ा करते है। जब कई रोडवेज बसें एक साथ सड़क पर खड़ी हो जाती है तो यहां पर जाम की समस्या पैदा हो जाती है। सड़क पर पैदल निकलने वालों को भी हादसा होने का डर लगा रहता है। जीटी रोड पर जाम लगने से कई बार जीटी रोड पर हादसे भी हो चुके है।

### क्या बोले आरएम इटावा

इस संबंध में जब आरएम इटावा से बात की गई तो उन्होने बताया कि कुरावली में जीटी रोड पर रोडवेज बसो को रोके जाने का मामला संज्ञान में नहीं है। इस संबंध में जानकारी करके रोडवेज बसो को बस स्टैंड पर ही रोके जाने के निर्देश दिए जायेंगे।

## छत से गिरे युवक की इलाज के दौरान हुई मौत

### छत से गिरकर हुए थे घायल, सैफई में चल रहा इलाज

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** क्षेत्र के नैगवां खिरिया निवासी युवक मंगलवार की रात छत पर सो रहा था। अचानक आयी तेज हवा में लघुशंका लगने पर वह उठा और उसको उसी समय आए हवा के झोंके से वह अपने आप को सम्हाल नही पाया और वह छत से नीचे आरसीसी सड़क पर आकर गिर गया। गंभीर हालत में परिजन उसे सैफई ले गए जहां उसका इलाज चल रहा था, शुक्रवार की रात उसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी।

मंगलवार की रात नैगवां खिरिया निवासी ब्रजभान पुत्र रामगोपाल सक्सेना खाना खाकर छत पर सो गया। रात करीब 11 बजे वह लघुशंका के उठा उसी समय अचानक आये तेज हवा के झोंके से वह अपने आप को सम्हाल नही पाया। जिसके चलते वह मकान के सामने आरसीसी सड़क पर गिर गया। परिजन उसे इलाज के लिए सैफई ले गए। इलाज के दौरान शुक्रवार की रात उसकी मौत हो गयी लेखपाल गंभीर सिंह ने बुधवार की शाम गांव व सैफई जाकर हुई घटना की जांच की थी।

## विषाक्त पदार्थ का सेवन करने से युवती की मौत

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**बिछवां/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के गांव सहारा में अज्ञात कारणो के चलते एक 22 वर्षीय युवती ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई उसे प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसकी हालत को गंभीर देखते हुए सैफई रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, मामले की सूचना पर सैफई पुलिस में शव का पोस्टमार्टम कराया है।

गांव सहारा निवासी अंशिका उम्र 22 वर्ष पुत्री लल्लू सिंह ने गुरुवार की रात्रि में विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई उसे इलाज के लिए मैनपुरी की एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल में भिजवा दिया गया वहां से उसे सैफई रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी शनिवार को सुबह उसकी मौत हो गई मौत हो गई।

# अविवादित फौती तेहरवी से पूर्व प्रत्येक दशा में दर्ज हो

### संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी पीड़ितो की शिकायत

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** तहसील किशनी मे आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी की अनूठी पहल के अन्तर्गत शनिवार को नगला गुल्ल भाग बड़ौली नि. श्यामा देवी पत्नी प्रकाश चन्द्र जिनका स्वर्गवास 19 नवम्बर 2025 को हो गया था, को संवेदना पत्र, फौती दर्ज होने के पश्चात खतौनी की नकल एवं फलदार पौधा भेंटकर शोक-संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया, जिलाधिकारी के निर्देश पर मृतक के वारिसान के रूप में मृतक के वारिसान मुकेश कुमार, दिनेश चन्द्र, विपिन पुत्रगण प्रकाश चन्द्र के नाम लेखपाल द्वारा विरासत दर्ज की गयी।

डीएम ने परिजनों को खतौनी की नकल, संवेदना पत्र उपलब्ध कराते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में जिला प्रशासन उनके साथ है, विरासत समय से दर्ज कराना शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है, जिसके क्रम में स्वर्गवासी के समस्त उत्तराधिकारियों की विरासत खतौनी के संबंध खातों में दर्ज कर दी गई है, जिसकी प्रति आज परिवार को उपलब्ध करायी गई। उन्होने परिजनों से कहा कि दिवंगत की स्मृति को चिर-स्थाई बनाए रखने हेतु एक फलदार पौधा उपलब्ध कराया गया, परिजन पौधे को यथा स्थान पर रोपित कर उसकी देखभाल कर दिवंगत की स्मृति संजोने के साथ ही पर्यावरण का संरक्षण करें।

उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी सुनिश्चित करें कि अविवादित फौती तेरवीं से पूर्व प्रत्येक दशा में दर्ज हो, स्वयं, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक या लेखपाल के माध्यम से वारिसान को संवेदना पत्र, खतौनी की नकल एवं एक फलदार पौधा शोक-संतृप्त परिवार को उपलब्ध कराया जाए, इस कार्य में किसी भी स्तर पर विलम्ब न किया जाए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी शिवम मिश्रा, उप जिलाधिकारी गोपाल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## झटका मशीन के करंट से युवक की मौत, तीन घायल



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कुरावली/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम कोकदा में शनिवार सुबह लगभग 8 बजे एक दर्दनाक हादसा हुआ। जानवरों से फसल की रखवाली के लिए खेत में लगाई गई झटका मशीन के तार में करंट दौड़ने से पड़ोस के खेत के चार युवक उसकी चपेट में आ गए। इस हादसे में 26 वर्षीय अवनीश कुमार पुत्र सुरेश चंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं प्रवेश पुत्र बदन सिंह, विशेष कुमार पुत्र सर्वेश, और कल्याण सिंह पुत्र अनोखे लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। जहाँ चिकित्सकों ने अवनीश को मृत घोषित कर दिया। इस सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गाँव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।

## समाधान दिवस पर 14 शिकायतें दर्ज, निस्तारण के निर्देश

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कुरावली/मैनपुरी।** शनिवार को तहसील परिसर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान प्रभारी तहसीलदार अखिल गोयल ने क्षेत्रीय लोगों की शिकायतों को सुना। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों द्वारा कुल 14 शिकायती प्रार्थना पत्र दिये गये, जिनमें 8 राजस्व, 3 खंड विकास, 1 समाज कल्याण, 1 नगर पंचायत तथा 1 सिंचाई विभाग से संबंधित थे। नवागत तहसीलदार तथा सीओ सच्चिदानंद ने सभी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीओ पीयूष शुक्ला, जेई रामसनेही, ईओ संदीप कुमार, पूर्ति निरीक्षक अदिति चौहान, कानूनगो ओमवीर सिंह, बृजभूषण, उप निरीक्षक सतीश चंद्र, तहसीलकर्मी यतेंद्र सिंह सहित क्षेत्रीय लेखपाल मौजूद रहे।

## जनगणना कार्य पूर्ण करने पर किया गया सम्मानित

### समय से कार्य पूर्ण करने पर दिया गया प्रशस्ति पत्र




मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**किशनी/मैनपुरी।** नगर पंचायत के दस वार्ड क्षेत्र में जनगणना कार्य को अपनी पूरी जिम्मेदारियों व लगन के चलते निर्धारित समय से पहले पूरा करने बाले पर्यवेक्षक व प्रगणकों का नगर पंचायत कार्यालय पर एसडीएम और चेयरमैन प्रतिनिधि द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के सभी सभासद भी मौजूद रहे।

नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन प्रतिनिधि डैनी यादव, ईओ व एसडीएम गोपाल शर्मा ने जनगणना के कार्य में बेहतर कार्य करने वाले 23 प्रगणक व पांच सुपर बाइजर जिसमें, अनुज पाल, अक्षय कुमार, अभिनव यादव, अरुण प्रकाश, अवनीश कुमार, रविकांत अवस्थी, देवेश कुमार, पंकज कुमार, विशाल सिंह, सतेंद्र सिंह, सौरभ पाल, अंशुमान मिश्रा, अखिल कुमार द्विवेदी, रोहित कुमार आदि को माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी गोपाल शर्मा ने कहा कि सराहनीय कार्य करने वालो का उत्साहवर्धन किया जाना हम सव का नैतिक दायित्व है। तय समय सीमा से पहले 100 प्रतिशत जनगणना कार्य पूरा करने वाले पर्यवेक्षक व प्रगणकों ने यह साबित किया है कि कोई भी कार्य असंभव नहीं है बस लगन और मेहनत से किया जाना चाहिए। प्रशस्ति पत्र पाने वालों के चेहरों पर खासी खुशी देखी गई। कार्यक्रम में एसडीएम और चेयरमैन प्रतिनिधि का भी सम्मान किया गया।

इस दौरान दिनेश कुमार (वरिष्ठ लिपिक) शिवम् यादव (तकनीकी सहायक, सभासद राहुल गुप्ता, रामौतार यादव, मुकेश यादव, योगेश पालीवाल, अनीश बाथम आदि मौजूद रहे।

## साधू में लगाया पुत्र पर मारपीट का आरोप

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**बिछवां/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के गांव हवेली निवासी एक साधु बाबा ने अपने पुत्र पर लगातार तीन दिनों से मारपीट करने का आरोप लगाने के साथ उसकी झोली जलाने का भी आरोप लगाया है। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई है। गांव हवेली निवासी साधु दिनेश पुत्र महावीर मैं पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि वह 11 साल से साधु हो गया है इसी बात को लेकर उसके परिवार के लोग उसे परेशान करते हैं। उसका पुत्र प्रवीण कुमार जो आए दिनों से परेशान करता है और वह समझ में कुछ गलत हरकतें करता है जिसे उसने विरोध किया तो उसने तीन दिनों तक लगातार उसके साथ मारपीट की साथ ही उसकी साधु के कपड़े और साधु की झोली जला दी है। विरोध किया तो जान से मारने की धमकी भी दी है। मामले की तहरीर पुलिस को दीगई है। पुलिस तहरीर पर छानबीन कर रही है।

## मां से हुई कहासुनी होने के बाद युवती लापता

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**बिछवां/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती मां से कहा सुनी होने के बाद नाराज होकर घर से चली गई है गुमशुदगी की दर्ज करने के लिए तहरीर पुलिस को दी गई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार को 12 बजे दोपहर में उसकी मां से उसकी बहन से कुछ कहा सुनी हो गई इसी बात से नाराज होकर बिना बताए उसकी बहन घर से चली गई आसपास काफी तलाश उसकी कोई सुराग नहीं नहीं लगा बहन की गुमशुदगी दर्ज करने के लिए भाई ने तहरीर पुलिस को दी है।

# नगला चुन्नी ने हरगनपुर को हराकर जीता मिलिकिया प्रीमियर लीग

### फाइनल मुकाबले में हरगनपुर को 29 रनों से हराया, अबधेश बने मैन ऑफ द मैच

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**आलीपुर खेड़ा/मैनपुरी।** कस्वा के गांव मिलिकिया में चल रहे मिलिकिया प्रीमियर लीग के फाइनल मैच में नगला चुन्नी ने हरगनपुर पर को 29 रनों से हराकर अपना कब्जा जमाया। नगला चुन्नी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवर में 144 रन बनाये, जिसमें समीर ने 62 रन, जतिन ने 14 रन, निशांत ने 17 रनों का योगदान दिया। हरगनपुर के गेंदवाज अबधेश ने 4 विकिट लिए। जबाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरगनपुर टीम ने आल आउट होकर 115 रन ही बना सकी, जिसमें ऋषभ 14, साहिल 7 रन, राज 37 रन, अब्दुल ने 23 रनों का योगदान किया। मेन ऑफ द मैच अबधेश को चुना गया। कॉमेंट्री करन सिंह राजपूत ने की अम्पायरी कौशलेन्द्र सिंह और अनिल ने की। मुख्य अतिथि अभिलाख सिंह राजपूत ने विजेता टीम को ट्रॉफी और नगद 5100 रुपये की धनराशि प्रदान की।

उन्होंने कहाकि खेलों में हार और जीत जीवन में सफलता एवं असफलता के समय संतुलन बनाने की देती है प्रेरणा आज के परिवेश और जीवन शैली का एक नकारात्मक पहलू है कि बच्चे हों या युवा लगातार मोबाइल पर गेम खेलना उनकी एक आदत बनती जा रही है। ऐसे में युवा पीढ़ी की खेलों में रुचि बढ़ाने के लिए अभिभावकों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है। खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी अपना महत्व है। खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। उनसे हमारे भीतर अनुशासन एवं परिश्रम जैसे गुण और सामाजिकता एवं देश प्रेम का भाव उत्पन्न होता है। उनमें होने वाली हार और जीत जीवन में सफलता एवं असफलता के समय संतुलन बनाने की प्रेरणा देती हैं।

इस मौके पर मुलायम सिंह राजपूत, सुखवीर सिंह, प्रमोद कुमार, जितेंद्र सिंह, शेलेन्द्र कुमार, सुबोध राजपूत, प्रेमचन्द्र राजपूत, पंकज, दिनेश कुमार, अंशुल, सुरेश चंद्र, भूपेंद्र सिंह, दम्मी लाल, रबी, जुगेंद्र सिंह, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने किया थाना का किया औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**किशनी/मैनपुरी।** एसपी गणेश प्रसाद साहा ने शनिवार को किशनी थाने का औचक निरीक्षण कर थाना परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, अभिलेखों के रख-रखाव तथा साफ-सफाई की स्थिति का अवलोकन किया।

एसपी ने थाने के प्रभारी निरिक्षक एवं पुलिसकर्मियों को लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण, अपराध नियंत्रण तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जन सुनवाई रजिस्टर एवं शिकायतों के निस्तारण की भी समीक्षा की तथा फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनकर उनका त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, अभिलेखों को व्यवस्थित रखने तथा पुलिसकर्मियों को जनता के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने की हिदायत दी। इस अवसर पर थाने के प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# योजनाओं का लाभ करोड़ों पात्र लोगों तक पहुंचाया गया

### पर्यटन मंत्री ने किया मिढावली कलां में माता मंदिर का लोकार्पण

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**मैनपुरी।** पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कुरावली क्षेत्र के गांव मिढ़ावली कलां स्थित प्राचीन एवं आस्था के प्रमुख केंद्र माता मंदिर के पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का लोकार्पण करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है, माता मंदिर मिढ़ावली क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है और यहां कराए गए विकास कार्यों से न केवल श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी बल्कि क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

पर्यटन मंत्री ने प्रदेश की कानून व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति बिल्कुल अलग थी प्रदेश में अपराध, अराजकता, भू-माफियाओं का दबदबा और कानून व्यवस्था की चुनौतियां आम चर्चा का विषय थीं, जनता ने उस दौर को देखा और अनुभव किया, प्रदेश के लोगों ने बदलाव की आवश्यकता महसूस की और सुशासन के पक्ष में अपना जनादेश दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अपराध और माफिया तत्वों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई, परिणामस्वरूप प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है और अपराधियों के मन में कानून का भय पैदा हुआ है।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक विकास का लाभ पहुंचाना है, किसानों, युवाओं, महिलाओं, गरीबों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत योजना सहित विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ करोड़ों लोगों तक पहुंचाया गया है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, उदय चौहान, अमित गुप्ता, पंकज भदौरिया, गौरव यादव, विकास चौहान, जिला मंत्री गिरजानन्दन शाक्य, शिवनाथ सिंह चौहान, बलवीर सिंह चौहान, धर्मेन्द्र सिंह चौहान, लज्जाराम दिवाकर, धर्मवीर सिंह चौहान, रामगोपाल चौहान, बलवीर सिंह, ग्राम प्रधान सौरभ सोलंकी, मुनेन्द्र राठौर, मनोज राठौर, प्रदीप वर्मा, रामचरण कश्यप, कुरावली मंडल अध्यक्ष हरिओम वर्मा, पियूष चन्देल, गौरव शाक्य सहित पार्टी पदाधिकारियों के अलावा क्षेत्राधिकारी कुरावली सच्चिदानन्द सिंह, पर्यटन अधिकारी आदि उपस्थित रहे, कार्यक्रम का संचालन सतीश मधुप ने किया।

# भगवान बुद्ध के बताएं मार्ग पर चलने का किया आहवान

### सात दिवसीय बुद्ध कथा का हुआ समापन, कथावाचक का सम्मान

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**कुसमरा/मैनपुरी।** कुसमरा-किशनी विधानसभा क्षेत्र के गांव डिलाहा में आयोजित सात दिवसीय बुद्ध कथा का आज अंतिम दिवस पर विधिवत समापन हुआ। कथा के समापन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान बुद्ध के उपदेशों को सुनकर सामाजिक सद्भाव, शांति एवं मानव कल्याण का संदेश ग्रहण किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामाजिक न्याय पार्टी के जिलाध्यक्ष कमलेश कश्यप एवं ग्राम पंचायत किठाह के प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार शाक्य पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कथावाचक श्याम सुन्दर बौद्ध को भगवान बुद्ध का चित्र एवं पटका भेंट कर सम्मानित किया। वहीं ग्राम डिलाहा के ग्रामीणों ने भी कथावाचक का स्वागत एवं सम्मान करते हुए उनके द्वारा सुनाई गई बुद्ध कथा की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलने और समाज में प्रेम, भाईचारा तथा अहिंसा का संदेश फैलाने का आह्वान किया।

सात दिनों तक चली बुद्ध कथा में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ उमड़ी और श्रद्धापूर्वक कथा श्रवण किया। कार्यक्रम का समापन सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

# अभिभावकों को अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध करानी चाहिए

## मैनपुरी पहुंचे केन्द्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल लोगो को शिक्षा के प्रति किया जागरुक




मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** शनिवार को शहर में अहिल्याबाई होलकर की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने समाज को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया और इसे सबसे मजबूत हथियार बताया।

शहर के गोला बाजार स्थित अहिल्याबाई होलकर चौक पर पहुंचकर केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध करानी चाहिए। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि यदि 5 बीघा जमीन बेचकर बच्चों को अच्छी डिग्री मिलती है, तो ऐसा अवश्य करना चाहिए। डिग्री और नौकरी हासिल होने के बाद बच्चा 5 बीघा से 50 बीघा भूमि भी खरीद सकेगा।

### नारी सशक्तिकरण के लिए अलग पहचान बनी

केंद्रीय राज्यमंत्री ने अहिल्याबाई होलकर के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई ने शासनकाल में राज किया और उनके ससुर ने उन्हें आगे बढ़ाया। नारी सशक्तिकरण के लिए उनकी एक अलग पहचान बनी है। बघेल ने समाज से अच्छी शिक्षा, अच्छे संस्कार और अच्छी उपलब्धि हासिल करने की आशा व्यक्त की।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

इस मौके पर केंद्रीय राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल के साथ पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, विधायक रामनरेश अग्निहोत्री, टूंडला विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर, पूर्व मंत्री अयोध्या प्रसाद पाल, महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष परम प्रकाश पाल, हौसला प्रसाद पाल, राजेंद्र सिंह पाल, संध्या सिंह धनगर, गगन पाल, संयोजक बलवीर सिंह पाल, आलोक गुप्ता, जिलाध्यक्ष ममता राजपूत, रोड पाल, आसान सिंह पाल, महेश सिंह पाल, प्रमोद पाल, मुनेंद्र पाल, निर्भय सिंह पाल, इनाम सिंह, रविंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, रामवीर सिंह, शेर सिंह, महेश चंदपाल, मनोज कुमार और साक्षी सिंह आदि मौजूद रहे।

## बिना अनुमति सड़क खोदने पर नगर आयुक्त ने जिओ फाइबर पर लगाया 10 लाख का जुमार्ना, एफआईआर के आदेश

फोटो नं0 102 जिओ फाइबर पर जुमार्ना लगाने के साथ एफआईआर दर्ज कराने के आदेश देते नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** शहर की सड़कों को बिना अनुमति काटकर फाइबर केबल बिछाना जिओ फाइबर डालने वाली एजेंसी को महंगा पड़ गया। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कड़ी कार्रवाई करते हुए ळपहंजमस ैवसनजपवदे पर 10 लाख रुपये का जुमार्ना लगाने के साथ एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। जीटी रोड स्थित इंग्राम स्कूल के सामने निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त को बिना अनुमति सड़क खोदकर फाइबर केबल बिछाने का मामला मिला। मौके पर ही नगर आयुक्त ने नगर निगम निर्माण विभाग और अलीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सिविल इंजीनियर पर नाराजगी जताई और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

### बिना अनुमति किए चैंबर निर्माण

नगर आयुक्त के निर्देश पर एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जांच में सामने आया कि ळपहंजमस ैवसनजपवदे ने जियो फाइबर नेटवर्क विस्तार के लिए कई क्षेत्रों में बिना सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के सड़क कटिंग और चैंबर निर्माण का काम कराया। नगर निगम या अलीगढ़ स्मार्ट सिटी लिमिटेड से कोई वैध स्वीकृति नहीं ली गई थी। इससे सड़कें क्षतिग्रस्त हुईं और आमजन को आवागमन में परेशानी हुई।

### तत्काल काम बंद करने के निर्देश

नगर आयुक्त ने एजेंसी को तत्काल सभी अनधिकृत कार्य बंद करने और क्षतिग्रस्त सड़कों व सार्वजनिक संपत्तियों की मरम्मत का पूरा खर्च खुद वहन करते हुए रेस्टोरेशन कराने को कहा है। अधीनस्थों को सार्वजनिक संपत्तियों को हुए नुकसान का विस्तृत आकलन तैयार कर एजेंसी से भरपाई कराने के आदेश दिए गए हैं।

### च्ॅक् को दिए थ्प्त् के आदेश

नगर आयुक्त ने अधिशासी अभियंता, सीडी-1 लोक निर्माण विभाग को पत्र भेजकर ळपहंजमस ैवसनजपवदे के परियोजना प्रबंधक से 10 लाख रुपये का अर्थदंड वसूलने और एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कहा कि नगर निगम की सड़कें और सार्वजनिक संपत्तियां जनता की अमूल्य धरोहर हैं। बिना अनुमति इन्हें क्षति पहुंचाने की इजाजत किसी को नहीं है। सभी कंपनियों को नियमानुसार अनुमति लेकर ही काम करना होगा। नियम तोड़कर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाली एजेंसी पर सख्त कार्रवाई होगी और नुकसान की भरपाई भी उसी से कराई जाएगी।

## संत रविदास ने समाज को एकसूत्र में पिरोया - पदमसिंह

केशव सेवा धाम में आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्र प्रचार प्रमुख पदमसिंह



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख पदम सिंह ने कहा कि संत रविदास ने विषम परिस्थितियों में भी समाज को एकसूत्र में पिरोकर रखने का कार्य किया। जब विदेशी आक्रांताओं के अत्याचार बढ़ रहे थे, तब उन्होंने भक्ति मार्ग के माध्यम से समाज को मजबूती प्रदान की और लोगों में आत्मविश्वास का संचार किया।

मथुरा रोड स्थित सिंघारपुर के केशव सेवा धाम में आयोजित संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संत रविदास ने अपने कर्म और भक्ति को जीवन का आधार बनाया। वे जूता सिलने जैसे कार्य से जुड़े रहने के साथ-साथ ईश्वर भक्ति में भी लीन रहे। उनके जीवन और विचारों से प्रेरित होकर राजघराने से संबंध रखने वाली मीराबाई ने भी उन्हें अपना गुरु स्वीकार किया।

पदम सिंह जी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संत रविदास जी के 650वें प्राकट्य दिवस के अवसर पर उनके जीवन-दर्शन और सामाजिक संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि संत रविदास का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी प्रतिकूल क्यों न हों, सकारात्मक सोच और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण नहीं छोड़ना चाहिए। निरंतर प्रयास करने पर सफलता अवश्य मिलती है।उन्होंने कहा कि प्रचार विभाग टोली बनाकर कार्य करता है, जिससे बेहतर परिणाम प्राप्त होते हैं।

आज के समय में सकारात्मक और राष्ट्रहित से जुड़े कंटेंट को अधिक से अधिक प्रसारित करने की आवश्यकता है। इससे समाज और राष्ट्र दोनों सशक्त बनेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कुछ अराजक शक्तियां समाज और देश को बांटने का प्रयास कर रही हैं, ऐसे समय में सकारात्मक विचारधारा का प्रसार अत्यंत आवश्यक है।कार्यक्रम में विभाग कार्यवाह योगेश आर्य ने कार्यकताओं का परिचय प्राप्त किया। विभाग प्रचार प्रमुख भूपेंद्र शर्मा ने अतिथियों का परिचय कराया तथा आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर विभाग सह प्रचार प्रमुख राज नारायण सिंह, महानगर प्रचार प्रमुख दलवीर सिंह, अरविंद तोमर, राहुल चपौटा, ललित वार्ष्णेय, दीपक कुमार कश्यप, संदीप शर्मा, शशांक, मनीष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तमंचा कारतूस समेत गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** शहर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र से एक आरोपी को तमंचा कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने अग्रिम कार्रवाई की है। इंस्पेक्टर प्रवेश राणा ने बताया कि शनिवार को शहर कोतवाली पुलिस ने अनमोल पुत्र सुधीर निवासी सैलई कासगंज को गांव के निकट खेत से एक तमंचा व एक कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

## मामूली विवाद में हुई मारपीट के ममाले में रिपोर्ट दर्ज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मोती नगर में मामूली विवाद में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। रिपोर्ट में गांव के निवासी हरी सिंह पुत्र रामौतार ने बताया है कि गांव के निवासी अनिल पुत्र महेंद्र सिंह अपने बच्चों को मार रहे थे, तभी उसने बच्चों को मारने से मना किया और बीच बचाव कर दिया। इसी बात को लेकर अनिल पुत्र महेंद्र सिंह और संतोष पुत्र विक्रम सिंह ने उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट कर दी। जिससे उसे गंभीर चोटें आई हैं। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मुठभेड़ में मृत हुए दो इनामी अभियुक्तों की मजिस्ट्रियल जांच के 10 जून तक दे सकते हैं साक्ष्य

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट अलीगढ़ अविनाश कुमार के आदेश पर मुठभेड़ में घायल होने के बाद उपचार के दौरान मृत घोषित किए गए दो इनामी अभियुक्तों के प्रकरण की मजिस्ट्रियल जांच प्रारंभ कर दी गई है। जांच अधिकारी एवं अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय दिग्विजय सिंह ने इस संबंध में सार्वजनिक सूचना जारी की है।जारी विज्ञप्ति के अनुसार, बुलंदशहर जनपद के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र निवासी मोमीन पुत्र जान मोहम्मद और हापुड़ जनपद के थाना सिम्भावली क्षेत्र निवासी रजा मोहम्मद उर्फ रजुआ उर्फ बिन्ना पुत्र इम्तयाज 24 मई 2026 को सायं 06:45 बजे हुई पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गए थे। दोनों को उपचार के लिए पुलिस अभिरक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अतरौली ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के क्रम में उक्त घटना की मजिस्ट्रियल जांच अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय दिग्विजय सिंह को सौंपी गई है। जांच के संबंध में संबंधित व्यक्तियों एवं आमजन से अपील की गई है कि यदि उनके पास घटना से संबंधित कोई बयान, तथ्य अथवा अभिलेखीय साक्ष्य हों तो वे 10 जून 2026 तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक नई कलैक्ट्रेट बिल्डिंग के कक्ष संख्या 40 में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। जांच अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद किसी भी व्यक्ति को अपना पक्ष रखने के लिए अतिरिक्त समय प्रदान नहीं किया जाएगा।

## चोरी विवाद की रंजिश में महिला को गोली मरवाने का आरोप,दिनदहाड़े हमले से दहला इलाका

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** थाना रोरावर क्षेत्र में शनिवार दोपहर एक महिला को गोली मारने की वारदात से सनसनी फैल गई। घायल महिला रानी कारखाने में काम करती हैं और खाना खाकर वापस ड्यूटी पर जा रही थीं। परिजनों के मुताबिक, घर के पास सड़क पार करते समय बुलेट मोटरसाइकिल पर आए दो नकाबपोश बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए। गोली रानी के कूल्हे में लगी, जिसके बाद उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।बेटे रेहान ने आरोप लगाया कि परिवार की कुछ लोगों से करीब डेढ़ साल से रंजिश चल रही है। उसका कहना है कि पूर्व में चोरी के विवाद को लेकर धमकियां भी दी गई थीं। परिजनों ने मोहल्ले के ही एक व्यक्ति पर घटना कराने का शक जताया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। महिला की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई गई है।

## बन्नादेवी पुलिस की बड़ी कार्रवाई,धोखाधड़ी-जालसाजी में वांछित महिला बुलंदशहर से गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** बन्नादेवी थाना पुलिस ने धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में वांछित चल रही एक महिला आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी महिला को बुलंदशहर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार महिला की पहचान ममता निवासी चैमुहा, थाना गभाना, जनपद अलीगढ़ के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार, महिला के खिलाफ धोखाधड़ी एवं फर्जी दस्तावेज तैयार करने से संबंधित प्रकरण दर्ज था। मामले की जांच के दौरान उसका नाम प्रकाश में आया था, जिसके बाद से वह वांछित चल रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी।बन्नादेवी पुलिस को सूचना मिली कि वांछित महिला बुलंदशहर क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अलीगढ़ लाया गया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। यदि जांच में किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।पुलिस ने आरोपी महिला को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## दहेज हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** थाना हाथरस गेट पुलिस ने दहेज हत्या के मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देश पर फरार एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई।अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में थाना हाथरस गेट पुलिस ने नगला भूरा रोड स्थित प्रगतिपुरम बिजलीघर के पास से अभियुक्त आविद खां पुत्र चमन खां निवासी सियाराम कॉलोनी, टाटा टाबर के पास, थाना हाथरस गेट को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाथरस गेट में मु.अ.सं. 49/2026 के तहत धारा 85, 80(2) बीएनएस एवं 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में मुकदमा दर्ज है।पुलिस ने अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक नितिन कसाना एवं थाना हाथरस गेट पुलिस टीम शामिल रही।

## अवैध देशी शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** थाना चंदपा पुलिस ने अभियान चलाकर एक व्यक्ति को 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के पर्यवेक्षण में थाना चंदपा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महमूदपुर ब्राह्मणान रोड पर कार्रवाई की। इस दौरान अमित कुमार पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी केवलगढ़ी, थाना चंदपा को गिरफ्तार किया गया।पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे से 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद हुई है। मामले में थाना चंदपा पर मु.अ.सं. 130/2026, धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।कार्रवाई थाना प्रभारी योगेश सिंह एवं उनकी टीम द्वारा की गई।

## चंडौस पुलिस ने चोरी के आरोपी की निशानदेही पर बरामद किए जेवर, मुकदमे में धारा बढ़ाई





मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** थाना चंडौस पुलिस ने चोरी के मामले में पीसीआर पर लाए गए आरोपी की निशानदेही पर पीली धातु की 2 अंगूठी और 1 मंगलसूत्र बरामद किया है। बरामदगी के बाद मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई है। थाना चंडौस पुलिस टीम ने मु0अ0सं0 269द्25 धारा 305द्331(3) बीएनएस से संबंधित मामले में आरोपी रोबिन पुत्र संजय सिंह निवासी नरायनपुर नगला बंजारा चैडेरा, थाना छतारी, बुलंदशहर को पीसीआर पर लिया था। पूछताछ में उसकी निशानदेही पर पुलिस ने थाना क्षेत्र चंडौस से चोरी की 2 अंगूठी और 1 मंगलसूत्र बरामद किया।

### आरोपी पर पहले से दर्ज हैं 4 केस

पुलिस के अनुसार आरोपी रोबिन शातिर अपराधी है। उस पर थाना चंडौस के अलावा थाना दादों अलीगढ़ में धारा 305द्317(2)द्331 बीएनएस और थाना छतारी बुलंदशहर में आर्म्स एक्ट व बीएनएस के तहत कुल 4 मुकदमे पहले से दर्ज हैं। मामले में अन्य वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक सत्यवीर सिंह, कांस्टेबल नवनीत राणा, कांस्टेबल अभिषेक शर्मा और कांस्टेबल आर्यन पवार शामिल रहे।

## कासगंज रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ, जीआरपी और स्टेशन प्रशासन ने चलाया सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा के मद्देनजर शनिवार को रेलवे सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी एवं स्टेशन प्रशासन द्वारा संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कासगंज के प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार मीना, जीआरपी के उपनिरीक्षक दीपक त्रिवेदी तथा स्टेशन अधीक्षक नरेंद्र कुमार मिश्रा मौजूद रहे। बैठक के बाद स्टेशन परिसर में यात्रियों एवं आमजन के बीच विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अधिकारियों ने लोगों को चलती ट्रेन में चढ़ने-उतरने से बचने, रेलवे ट्रैक पार न करने, बिना कारण चेन पुलिंग न करने, अनजान व्यक्तियों से खाद्य एवं पेय पदार्थ ग्रहण न करने तथा रेलवे परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही धूम्रपान, मद्यपान, रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा करने से बचने की अपील की गई। अभियान के दौरान यात्रियों को महिला एवं दिव्यांग कोच में अनधिकृत यात्रा न करने, वैध टिकट लेकर यात्रा करने तथा रेलवे नियमों का पालन कर सुरक्षित और जिम्मेदार यात्री बनने का संदेश भी दिया गया। अधिकारियों ने नियमों के उल्लंघन पर होने वाली कानूनी कार्रवाई और दंडात्मक प्रावधानों की जानकारी भी साझा की।

## फन लर्न आर्ट वर्कशॉप का शुभारंभ, महापौर प्रशांत सिंघल ने किया उद्घाटन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** मैरिस रोड स्थित लश फ्रेश रेस्टोरेंट के रिफ्लेक्शन हॉल में सामाजिक कलाकार एवं शिक्षाविद् डॉ. लक्ष्मी द्वारा आयोजित फन लर्न आर्ट वर्कशॉप का शुभारंभ अलीगढ़ के महापौर प्रशांत सिंघल ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. लक्ष्मी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर महापौर का स्वागत किया। भाजपा महानगर मंत्री संदीश राज ने पटका पहनाकर तथा कुलदीप सिंह भदौरिया ने बैज लगाकर उनका सम्मान किया।अपने संबोधन में महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ कला, खेल और अन्य रचनात्मक गतिविधियां भी आवश्यक हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि बच्चों का रचनात्मक और व्यावहारिक विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है।डॉ. लक्ष्मी ने कला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कला बच्चों की एकाग्रता, कल्पनाशक्ति, रचनात्मक सोच, आत्मविश्वास तथा हैंड-आई कोऑर्डिनेशन को विकसित करती है। उन्होंने बताया कि कला मानसिक, भावनात्मक और बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह तनाव, चिंता और अवसाद को कम कर सकारात्मक सोच को बढ़ावा देती है तथा बच्चों में नेतृत्व क्षमता, समस्या समाधान कौशल और आत्म-अभिव्यक्ति का विकास करती है।वर्कशॉप में बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में किसी बच्चे ने स्वयं को स्पाइडरमैन, किसी ने कैट तो किसी ने शेर के रूप में प्रस्तुत किया। कई बच्चों ने पौधों की आकृतियां बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और अधिक से अधिक वृक्षारोपण की अपील की। वहीं कुछ बच्चों ने जल एवं मछलियों की चित्रकारी के माध्यम से जल संरक्षण और जलीय जीवों की सुरक्षा का संदेश दिया। पक्षियों और फूलों की आकर्षक आकृतियों के जरिए बच्चों ने प्रकृति संरक्षण एवं जैव विविधता के महत्व को भी रेखांकित किया।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति के अनुरूप आकर्षक फोटो फ्रेम तैयार किए और उन्हें कलात्मक रूप से सजाया। उनकी सृजनात्मक अभिव्यक्तियों और उत्साह ने उपस्थित अतिथियों को विशेष रूप से प्रभावित किया।इस अवसर पर डॉ. लक्ष्मी ने महापौर प्रशांत सिंघल को उनका हस्तनिर्मित चित्र भेंट किया। चित्र को देखकर महापौर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डॉ. लक्ष्मी की कलात्मक प्रतिभा की सराहना की।कार्यक्रम में भाजपा महानगर मंत्री संदीश राज, पुस्तक प्रकाशक नरेंद्र गौतम, पूर्व पार्षद सुरेंद्र पचैरी, योग एवं फिटनेस विशेषज्ञ शिखा खत्री, पूर्व पीआरटी सेक्रेटरी भावना गुप्ता, कुलदीप सिंह भदौरिया, चिकित्सक डॉ. मेघा सिंह भदौरिया, हस्तशिल्प कलाकार विजयलक्ष्मी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।पूर्व पीआरटी सेक्रेटरी भावना गुप्ता ने बच्चों को विभिन्न मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक खेल खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों ने इन गतिविधियों का भरपूर आनंद लिया।वर्कशॉप में डॉ. लक्ष्मी की विशेषज्ञ टीम के क्रिएटिव आर्टिस्ट्स ने बच्चों को विभिन्न कलात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर अनंत भारद्वाज, उदय शर्मा, महेश पाल सिंह, दीपक, अर्नव सैनी, कमल सिंह, संजना वर्मा एवं मोनिका सिंह सहित कई प्रतिभागियों ने बच्चों के साथ रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेते हुए उन्हें नई कलाएं सिखाईं।अंत में उपस्थित अतिथियों ने डॉ. लक्ष्मी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं बच्चों की रचनात्मक क्षमता, आत्मविश्वास, नेतृत्व कौशल एवं व्यक्तित्व विकास को नई दिशा प्रदान करती हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## लेखपाल की लापरवाही ले ना ले कहीं युवक की जान

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** जनपद अलीगढ़ में एक अनोखा और लापरवाही भरा मामला सामने आया है । जहां पर एक दोनों किडनी की डायलिसिस से जूझ रहे डोरी नगर निवासी रोहित की हालत अत्यधिक गंभीर होने के चलते डीएम से मुलाकात की गई । जहां डीएम साहब के द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं अन्य सुविधा लेने के लिए आय प्रमाण पत्र बनवाने का जरिया बताया। जब लेखपाल के द्वारा पीड़ित ने आय प्रमाण पत्र बनने को डाला, तो एसडीएम साहब ने स्वयं मिलकर लेखपाल को तत्काल प्रभाव से 24 घंटे के अंदर आय प्रमाण पत्र बनाने का निर्देश दिया । लेकिन उसके बाद भी एक हफ्ते से अधिक का समय बीतने के बाद अभी तक लेखपाल प्रवीन शर्मा के द्वारा आय प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया है। और तो और महोदय के द्वारा अपना फोन स्विच ऑफ रखा जाता है। जिससे कि किसी भी आवेदक से संपर्क ना हो सके और लेखपाल महोदय अपने मनमाने तरीके से कार्य कर सके । वही जब मोबाइल स्विच ऑफ होने के चलते व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से लेखपाल महोदय से संपर्क किया गया तो उन्होंने बड़े ही बेबाक ढंग से शासन आदेश की दुहाई दे डाली, जबकि स्वयं जिलाधिकारी महोदय एवं उप जिलाधिकारी कोल के द्वारा तत्काल प्रभाव से पीड़ित रोहित का आय प्रमाण पत्र बनने के लिए कहा गया था । जिससे कि पीड़ित का बीपीएल बनने के बाद आयुष्मान कार्ड का लाभ मिल सके और दर दर भटक रहे गरीब परिवार एवं पीड़ित को आसान इलाज मुहैया हो सके। लेकिन संबंधित लेखपाल के द्वारा उच्च अधिकारियों के निर्देश को भी ढेंगा दिखाया जा रहा है । यही नहीं कुछ दिन पहले इन महोदय ने एक माननीय सांसद को भी पाठ पढ़ने की कोशिश की थी। देखना यह होगा कि उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद पीड़ित का कार्य कितनी सुगमता और शीघ्र हो सकता है, या फिर सिर्फ एक कागज न बनने के चलते पीड़ित समय से पहले ही काल के गाल में समा जाएगा।

## वामासारथी के तत्वावधान में पुलिस परिवार के मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित, हाईस्कूल में वैष्णवी ने 98.2:अंक पाकर किया टॉप



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** उ.प्र. पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन श्वामासारथी के तत्वावधान में शुक्रवार को पुलिस लाइन सम्मेलन कक्ष में पुलिस परिवार के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025-26 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 10 मेधावियों को पुलिस अधीक्षक अपराध ममता कुरील ने प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया।

### हाईस्कूल में वैष्णवी अव्वल

हाईस्कूल परीक्षा में मुख्य आरक्षी अरविन्द कुमार की पुत्री वैष्णवी यादव ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। वहीं आरक्षी सुनील कुमार की पुत्री पलक यादव और मुख्य आरक्षी राजीव कुमार की पुत्री खुशी सिंह ने 94.2प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मुख्य आरक्षी जमील अहमद खां के पुत्र मो. शालिक खान ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अन्य मेधावियों में मुख्य आरक्षी महिपाल सिंह की पुत्री आयुषी ने 92.2 प्रतिशत उप निरीक्षक किताब सिंह की पुत्री कु. वंशिका ने 92 प्रतिशत, मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार की पुत्री सुहानी और मुख्य आरक्षी चालक मुकेश सोलंकी की पुत्री वैष्णवी सोलंकी ने 91.4 प्रतिशत तथा नसीम अहमद की पुत्री तबस्सुम ने 91.2 प्रतिशत अंक हासिल किए।

### इंटरमीडिएट में कृष्णा ने किया टॉप

इंटरमीडिएट परीक्षा में अनुचर सीमा देवी की पुत्री कृष्णा सिंह ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पुलिस परिवार में सर्वोच्च स्थान पाया।

### उज्ज्वल भविष्य की कामना

एसपी अपराध ममता कुरील ने सभी मेधावी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों को भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक अनुभव कुमार त्रिपाठी, उ0नि0 भीमसेन, वामा सारथी प्रभारी उ0नि0 सर्वेश कुमार और सम्मानित छात्रों के अभिभावक मौजूद रहे।

# आपसी कहासुनी को लेकर युवक पर किया जानलेवा हमला

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** कोतवाली क्षेत्र गांव जगीपुर में आपसी कहासुनी को लेकर कुछ दबंगों ने एक युवक को लाठी डंडों से पीट दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल हाथरस में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी है, जिसके आधार पर पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार गांव जगीपुर में आपसी कहासुनी को लेकर हुए विवाद ने रौद्र रूप धारण कर लिया, एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के एक युवक पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पुलिस को दी तहरीर में गांव जगीपुर निवासी रनवीर सिंह पुत्र सीताराम ने बताया कि उनका भाई धर्मवीर सिंह बीती शाम करीब 6 बजे जगीपुर-खोरना मार्ग पर टहलने निकला था। आरोप है कि सरकारी राशन के लेन-देन को लेकर चल रही पुरानी रंजिश में घात लगाए बैठे राशन डीलर ने अपने अन्य तीन साथियों सहित उसे रास्ते में घेर लिया, और लोहे की रॉड और लाठियों से पीटा। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने धर्मवीर को देखते ही उस पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला बोल दिया। आरोपियों ने उसे सड़क पर गिराकर बेरहमी से पीटा, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर गया। घटना के दौरान मची चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी तो नामजद जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। आरोप है कि सड़क पर तड़प रहे धर्मवीर को देखकर किसी राहगीर ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल युवक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सासनी पहुंचाया। जहां हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहाँ उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पाकर दिल्ली में रह रहे परिजन जब वापस गांव पहुंचे, तो आरोपियों ने उन्हें भी गाली-गलौज करते हुए परिवार को नष्ट करने और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित रनवीर सिंह ने कोतवाली सासनी में आरोपियों के खिलाफ एम महिला सहित चार लोगों के नामजद करते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी श्रीमती विपिन चैधरी ने बताया कि घटना से संबधित मिली तहरीर के आधार पर पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

# श्रीकृष्ण का अवतार मानवता को प्रेम, करुणा और धर्म का संदेश देने के लिए हुआ झ्र डॉ. गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** श्री कृष्ण गौशाला सेवा समिति के तत्वावधान में स्थानीय श्री कृष्ण गौशाला परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर कथा व्यास आचार्य डॉ. गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ह्यमनुह्न महाराज ने श्रद्धालुओं को भक्ति, सत्संग और धर्म की महत्ता का संदेश दिया।कथा के दौरान उन्होंने कहा कि संतों की सेवा और सत्संग मनुष्य जीवन को सफल बनाने का सर्वोत्तम साधन है। संतों के सान्निध्य से व्यक्ति के भीतर भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का उदय होता है तथा मुक्ति के मार्ग प्रशस्त होते हैं।चतुर्थ दिवस की कथा में ध्रुव चरित्र, भक्त प्रह्लाद तथा भगवान की अनन्य भक्ति से जुड़े प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए और भगवान के जयघोष से पूरा परिसर गूंज उठा।कथा व्यास ने भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य जन्मोत्सव का वर्णन करते हुए बताया कि जब पृथ्वी पर अधर्म और अत्याचार बढ़ गया तथा कंस के अत्याचारों से प्रजा त्रस्त हो गई, तब भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लेकर धर्म की पुनर्स्थापना की। उन्होंने मथुरा कारागार में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म तथा वसुदेव द्वारा उन्हें गोकुल पहुंचाने के प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। जन्मोत्सव प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और पूरा पंडाल "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष से गुंजायमान हो गया।डॉ. गोपेश्वर नाथ चतुर्वेदी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार केवल दुष्टों के विनाश के लिए नहीं, बल्कि मानवता को प्रेम, करुणा, धर्म और भक्ति का संदेश देने के लिए हुआ था। उनका जीवन प्रत्येक व्यक्ति को विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।कथा के उपरांत श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की झांकी के दर्शन किए, आरती में सहभागिता की तथा प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से आगामी दिवसों में भी अधिक से अधिक संख्या में कथा में उपस्थित रहने का आह्वान किया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, अलीगढ़ रेफर

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** आगरा अलीगढ़ राजमार्ग स्थित चैदह नंबर नलकूप भट्टा के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए अलीगढ़ रेफर किया गया है।

शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार गांव भूरा नगला निवासी वाजिद पुत्र इरसाद खां और हारून पुत्र हबीब खां अपनी बाइक पर सवार होकर किसी काम से सासनी आए थे जो काम समाप्त करने के बाद बाइक से ही वापस अपने गांव जा रहे थे। बताते हैं कि जैसे ही बाइक चैदह नंबर नलकूप निकट पहुंची तो पीछे से चल रहे अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दोनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने लोगों की मदद से ऐंबुलेंस 108 के जरिए घायलों को सासनी सीएचसी भेजा। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अलीगढ़ रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक घटना की कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी। हालांकि पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

## गैर इरादतन हत्या में 7 वर्ष का कठोर कारावास

### पानी के छींटे पड़ने पर हुआ था विवाद

### कहां-सुनी और धक्का-मुक्की में गंभीर चोट के कारण हुई थी मौत

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** गैर इरादतन हत्या के मामले में न्यायालय ने एक आरोपी को दोषी पाते हुए 7 वर्ष सश्रम करावास व ?50000 रुपये के अर्थ दंड से दंडित किया है,अभियोजन पक्ष के मुताबिक 20 मई, 2020 को पीड़ित पक्ष द्वारा थाना सादाबाद पर सूचना दी थी कि गोला पुत्र गौरीशंकर निवासी कजरौठी थाना सादाबाद जनपद हाथरस नल पर पानी से कुल्ला कर रहा था। तभी वादी के पिता के ऊपर छीटे आ जाने के कारण दोनों में कहासुनी व धक्का मुक्की हुई थी। जिसमें पीड़ित के पिता के गहरी चोट लगने से मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने थाना सादाबाद पर अपराध मुकदमा संख्या 189/2020 धारा 304, 504 व 506 दर्ज किया था। पुलिस ने विवेचना उपरांत 10 जुलाई, 2020 को आरोप-पत्र न्यायालय में धारा 304 के तहत दाखिल किया।न्यायालय ने 6 जून, 2026 को अभियुक्त गोला उर्फ नेत्रपाल पुत्र गौरीशंकर को धारा 304 भादवि के तहत 07 वर्ष का कठोर कारावास व 50,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

## पॉलीटेक्निक संयुक्त प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक)-2026 का आयोजन जनपद के निर्धारित परीक्षा केंद्र पर 2 जून से शुरू हो गया है। प्रारंभिक तीन दिनों तक ग्रुप-ए के अभ्यर्थियों ने तीन पालियों में परीक्षा में भाग लिया।जिला नोडल अधिकारी एवं राजकीय पॉलीटेक्निक (एमएमआईटी) हाथरस के प्रधानाचार्य डॉ. सोनवीर सिंह ने बताया कि परीक्षा की शुचिता, निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। परीक्षा का संचालन जोनल मजिस्ट्रेट एवं अपर जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र की निगरानी में कराया जा रहा है।उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान स्टेटिक मजिस्ट्रेट अश्विनी कुमार तिवारी (चकबंदी अधिकारी), केंद्र पर्यवेक्षक देवेंद्र सिंह भारंगर तथा केंद्र अधीक्षक जय प्रकाश यादव सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे।डॉ. सिंह के अनुसार 5 जून को आयोजित तृतीय पाली की प्रवेश परीक्षा में ग्रुप-ई के कुल 45 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 35 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। प्रथम एवं द्वितीय पाली में कोई परीक्षा निर्धारित नहीं थी।उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराई गई तथा परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या शिकायत सामने नहीं आई।

## सड़क हादसे में युवक की मौत, नहर में गिरने से गई जान

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के कासगंज रोड स्थित मऊ गांव के पास बुधवार रात हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर के बाद युवक अपनी बाइक सहित सड़क किनारे बनी नहर में जा गिरा, जहां पानी में डूबने से उसकी जान चली गई।मृतक की पहचान मऊ गांव निवासी टीटू के रूप में हुई है। वह पुताई का कार्य कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। बताया गया कि वह बमनोई गांव से काम समाप्त कर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही गन्ने से लदी एक मोटरसाइकिल से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। अंधेरा अधिक होने तथा दूसरी बाइक पर गन्ना लदा होने के कारण दोनों वाहन चालकों को एक-दूसरे का सही अनुमान नहीं लग सका।टक्कर के बाद टीटू नहर में जा गिरा, जबकि दूसरी बाइक का चालक घायल हो गया। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों और ग्रामीणों ने उसकी तलाश शुरू की। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और नहर में खोजबीन शुरू कराई।करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस और ग्रामीणों ने युवक तथा उसकी बाइक को नहर से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।टीटू अपने पीछे पत्नी और चार छोटे बच्चों को छोड़ गया है। परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य की असामयिक मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।

## पुलिस भर्ती परीक्षा की तैयारियों का एडीजी ने लिया जायजा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा को नकलविहीन, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से आगरा जोन के अपर पुलिस महानिदेशक एस.के. भगत ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के साथ सेठ फूलचंद बागला (पीजी) कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस महानिदेशक ने परीक्षा केंद्र की सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा केंद्र व्यवस्थापकों से वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जाए और परीक्षा केंद्र के आसपास किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए।उन्होंने परीक्षा केंद्र पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का भी निरीक्षण किया और कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही परीक्षा केंद्र के आसपास अनावश्यक भीड़ एकत्र न होने देने तथा संदिग्ध व्यक्तियों की जांच सुनिश्चित करने को कहा।अपर पुलिस महानिदेशक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा को प्रभावित करने का प्रयास करने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भर्ती परीक्षा निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न हो सके।

## आईआईटी दिल्ली से पीएचडी कर राधिका गोयल ने बढ़ाया हाथरस का मान

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**हाथरस।** शहर की बहू राधिका गोयल ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (आईआईटी दिल्ली) से शोध कार्य पूर्ण कर डॉक्टर ऑफ फिलोशिफी (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि से हाथरस का नाम शिक्षा और शोध के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है।राधिका गोयल ने इम्पैक्ट ऑफ फिनटेक ऑन बैंक परफॉर्मेंस विषय पर शोध किया। उनके अध्ययन में बैंकिंग क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही फिनटेक सेवाओं के प्रभाव, बैंकिंग कार्यक्षमता, ग्राहकों तक पहुंच और वित्तीय प्रदर्शन से जुड़े विभिन्न पहलुओं का गहन विश्लेषण किया गया है।राधिका शहर की आवास विकास कॉलोनी निवासी रंग कारोबारी देवेन्द्र गोयल की पुत्रवधू हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, मित्रों और शहरवासियों में खुशी का माहौल है। परिजनों ने बताया कि उन्होंने कठिन परिश्रम, लगन और समर्पण के बल पर यह सफलता अर्जित की है।राधिका गोयल ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी मेहनत के साथ-साथ परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि उनकी सास कविता गोयल और पति आकाश गोयल ने हर कदम पर उनका उत्साहवर्धन किया, जिससे उन्हें अपने लक्ष्य तक पहुंचने में मदद मिली।शहर के शिक्षाविदों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने राधिका गोयल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उनकी उपलब्धि युवा छात्राओं और शोधकताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# श्याम कॉलोनी में नई सड़क और नाली का लोकार्पण, क्षेत्रवासियों को मिली राहत

### वार्ड-13 में सीसी इंटरलॉकिंग टाइल एवं नाली निर्माण कार्य जनता को समर्पित

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** नगर पालिका परिषद हाथरस द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विकास का क्रम लगातार जारी है। इसी क्रम में 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत वार्ड संख्या-13 स्थित जलेसर रोड की श्याम कॉलोनी में निर्मित सीसी इंटरलॉकिंग टाइल सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण पालिकाध्यक्ष श्वेता चौधरी ने फीता काटकर किया। लोकार्पण के साथ ही निर्माण कार्य को क्षेत्रवासियों को समर्पित कर दिया गया।इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष श्वेता चौधरी ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मजबूत सड़क और बेहतर जल निकासी व्यवस्था किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती है। ऐसे कार्यों से न केवल लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, बल्कि जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी।उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद का प्रयास है कि विकास का लाभ प्रत्येक वार्ड और प्रत्येक नागरिक तक पहुंचे। इसी उद्देश्य के तहत जरूरत वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता देकर विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है।लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व सांसद राजेश कुमार दिवाकर, वार्ड-13 के सभासद अभिषेक राज, भाजपा नगर अध्यक्ष विवेक गुप्ता, सभासद अशोक गोला, हिमांशु कौशिक, दिनेश सिंह (नन्ने), अतुल चौधरी, काव्य वार्ष्णेय, राकेश सिंह, सभासद प्रतिनिधि सुनील कुशवाह, चंदन कुमार, टेकपाल कुशवाह, राघवेंद्र चौधरी, राकेश शर्मा (अनाड़ी), सत्यभान सिंह, अर्जुन बाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने नई सड़क और नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान हुआ है। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका परिषद द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए नगर के अन्य क्षेत्रों में भी इसी प्रकार विकास कार्य जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की।

## मंडलायुक्त संगीता सिंह ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी जनसमस्याएं, विभागीय स्टालों का किया निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** तहसील सासनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अलीगढ़ मंडल की मंडलायुक्त संगीता सिंह ने जिलाधिकारी अतुल वत्स एवं पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा के साथ जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतों को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनका गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जनपद आगमन पर मंडलायुक्त का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया तथा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भी निरीक्षण किया गया। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने तथा पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से विभागीय स्टाल लगाए गए थे।निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के स्टॉल का अवलोकन किया तथा आंगनबाड़ी कार्यकताओं द्वारा मिलेट्स (श्रीअन्न) से तैयार खाद्य पदार्थों का स्वाद लिया। उन्होंने कहा कि मिलेट्स पोषण सुरक्षा और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।जनसुनवाई के दौरान उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता आमजन की समस्याओं का पारदर्शी, संवेदनशील और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का केवल निस्तारण ही नहीं बल्कि संतोषजनक एवं स्थायी समाधान भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई मामला न्यायालय में विचाराधीन है तो शिकायतकर्ता को इसकी स्पष्ट जानकारी दी जाए, जिससे अनावश्यक भ्रम और शिकायतों की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।मंडलायुक्त ने पट्टा प्राप्त लाभार्थियों को वास्तविक कब्जा दिलाने के लिए राजस्व विभाग को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही विभिन्न योजनाओं और आवेदनों की समय-सीमा समाप्त होने की स्थिति में संबंधित आवेदकों को समय से सूचित करने पर भी जोर दिया।समाधान दिवस में सासनी तहसील में कुल 82 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 16 का मौके पर निस्तारण किया गया। सादाबाद तहसील में प्राप्त 29 शिकायतों में से 2 तथा सिकंदराराऊ तहसील में प्राप्त 92 शिकायतों में से 2 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया।कार्यक्रम में प्रभागीय वनाधिकारी, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी सासनी, क्षेत्राधिकारी पुलिस, जिला पूर्ति अधिकारी, उप निदेशक कृषि, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दाऊजी गौशाला में कमिश्नर और डीएम ने किया पौधारोपण, नवाचार की सराहना

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** दाऊजी गौशाला में शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अलीगढ़ मंडल की कमिश्नर संगीता सिंह, जिलाधिकारी अतुल वत्स और पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने संयुक्त रूप से शिरकत की। इस दौरान अतिथियों ने एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत गौशाला परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरूआत में कमिश्नर संगीता सिंह ने विधि-विधान से गौ माता की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और गौशाला में व्यवस्थाओं तथा हो रहे विकास कार्यों की जमकर सराहना की।

शनिवार को आयोजित कार्रक्रम में जिलाधिकारी अतुल वत्स ने गौशाला में किए गए बेहतरीन नवाचार और कबाड़ से जुगाड़ की तकनीक के बारे में जानकारी दी। डीएम ने बताया कि इस गौशाला के निर्माण में एक अनोखा प्रयोग किया गया है, जिसके तहत विभाग में बेकार और खराब पड़े नालों के पाइपों का उपयोग किया गया है। इस वेस्ट मटेरियल (खराब पाइपों) के इस्तेमाल से न केवल सरकारी धन की बड़ी बचत हुई है, बल्कि कबाड़ का भी बेहद रचनात्मक उपयोग सुनिश्चित किया गया है।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि गौशाला में गोवंश के आश्रय के लिए एक विशाल और मजबूत टिन शेड गोवंश को मौसम की मार से बचाएगा। कमिश्नर संगीता सिंह ने इस पूरे मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि यह जनपद की पहली ऐसी अनूठी गौशाला है, जहाँ इतने व्यवस्थित, आधुनिक और कम लागत वाले शानदार कार्य किए गए हैं। उन्होंने इस सराहनीय प्रयास को अन्य क्षेत्रों के लिए भी अनुकरणीय बताया। अधिकारियों ने गौशाला की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने और इस नवाचार को धरातल पर उतारने के लिए खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) सुरेंद्र सिंह और पंचायत सचिव विदेश शर्मा के प्रयासों की विशेष रूप से सराहना की। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों सहित स्थानीय लोग और गौशाला प्रबंधन से जुड़े तमाम गणमान्य जन मौजूद रहे।

## कृषि विज्ञान केंद्र में कमल की पौध तैयार, सीडीओ ने किया निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** मुख्य विकास अधिकारी ने कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण कर वहां संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्हें बताया गया कि हाईटेक नर्सरी एवं पॉलीहाउस में कमल के फूलों के उत्पादन हेतु पौध तैयार की जा रही है। रति का नगला रहीम स्वयं सहायता समूह द्वारा लगभग 2000 कमल के पौधे तैयार किए जा रहे हैं।मुख्य विकास अधिकारी ने पौधों की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए तथा बताया कि वर्षा ऋतु में इन पौधों को कंचना सरोवर सहित अन्य जलाशयों में रोपित कराया जाएगा, जिससे जलाशयों की सुंदरता बढ़ने के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता को भी बढ़ावा मिलेगा।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी के औचक निरीक्षण में स्वास्थ्य केंद्र की कई व्यवस्थाओं में मिली खामियां

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. वेद प्रकाश ने शनिवार सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सासनी का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कई कमियां सामने आने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में अधिकांश कर्मचारी उपस्थित मिले, जबकि बीपीएम प्रशांत कुमार 4 जून से 6 जून तक तथा डीईओ अमित सेंगर 6 जून को अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। वहीं डेंटल सर्जन डॉ. अनु अग्रवाल के अवकाश एवं कथित कम्पलीमेंट्री अवकाश के मामले में भी प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक और संबंधित चिकित्सक से स्पष्टीकरण मांगा गया।निरीक्षण के दौरान आरबीएसके टीम के कार्यों की समीक्षा की गई, जिसे संतोषजनक पाया गया। हालांकि चिकित्सकों की कमी को देखते हुए आरबीएसके टीम के एक चिकित्सक को ओपीडी कार्यों में सहयोग देने के निर्देश दिए गए। साथ ही जरूरतमंद बच्चों को उपचार के लिए आरबीएसके वाहन उपलब्ध कराने को कहा गया।लैब निरीक्षण में पाया गया कि केंद्र पर उपलब्ध फुली ऑटोमेटिक एनालाइजर संचालित नहीं होने के कारण कई महत्वपूर्ण जांचें नहीं हो पा रही हैं। हेपेटाइटिस जांच किट उपलब्ध न होने पर तत्काल व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। कचरा प्रबंधन व्यवस्था भी मानकों के अनुरूप नहीं मिली, जिसे तत्काल सुधारने के आदेश दिए गए।सीएचसी में स्थापित हेल्थ एटीएम बंद मिला, जबकि डेंटल यूनिट में भी आवश्यक उपकरणों की कमी पाई गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दोनों व्यवस्थाओं को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।एनसीडी कक्ष में काउंसलिंग व्यवस्था असंतोषजनक मिलने पर नाराजगी व्यक्त की गई। इमरजेंसी कक्ष में ऑक्सीजन एवं अन्य आपात सुविधाओं की समीक्षा कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। वहीं एनबीएसयू, कोल्ड चेन एवं भर्ती मरीजों से संबंधित व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित मिली। दोनों वाटर कूलरों को तत्काल ठीक कर आरओ एवं ठंडे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप संचालित की जाएं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी पी.एन. दीक्षित ने विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि योग दिवस का आयोजन व्यापक जनसहभागिता के साथ किया जाए तथा जनपद स्तर के मुख्य कार्यक्रम के अलावा सभी विकास खंडों, नगर निकायों, ग्राम पंचायतों, विद्यालयों और महाविद्यालयों में भी योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। बैठक में आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा, सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित विभागों को समयबद्ध रूप से सभी तैयारियां पूर्ण करने तथा अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# डीएम एवं एसपी की अध्यक्षता में तहसील कासगंज में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

## 35 शिकायतें प्राप्त, 11 का मौके पर ही निस्तारण

शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण के दिए निर्देश

आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर अधिकारियों को सौंपे प्रकरण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** जिलाधिकारी प्रणय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में तहसील कासगंज सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनके त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे फरियादियों को संतोषजनक समाधान मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त होने वाले प्रत्येक प्रार्थना पत्र का गंभीरता से परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान बिजली के अधिक बिल आने, विधवा एवं वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड बनवाने, भूमि की पैमाइश, अवैध कब्जा हटवाने, राजस्व एवं भूमि विवाद, उत्पीड़न तथा आपसी विवादों सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 35 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गया।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित शिकायतों का निर्धारित समयावधि में स्थलीय जांच कर प्रभावी एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को राहत मिल सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी संजीव कुमार, तहसीलदार, उपजिलाधिकारी न्यायिक, अधिशासी अभियंता विद्युत, क्षेत्राधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, थाना प्रभारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीएम एवं एसपी ने पुलिस आरक्षी परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी प्रणय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने जनपद के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश, सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, स्ट्रांग रूम, कंट्रोल रूम, विद्युत एवं पेयजल व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता एवं गोपनीयता बनाए रखने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा शासन द्वारा जारी समस्त दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट, पुलिस बल एवं अन्य आवश्यक कार्मिक तैनात किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों की गहन जांच की जाए तथा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अथवा प्रतिबंधित सामग्री को केंद्र परिसर में प्रवेश न करने दिया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता प्रभावित करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान संबंधित उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक तथा अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने अभ्यर्थियों से समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंचने तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे 320 वाहनों के किए चालान

## 5.45 लाख रुपये का ऑनलाइन शमन शुल्क भी किया अधिरोपित

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** जनपद में यातायात पुलिस के विशेष अभियान में यातायात नियमों की अनदेखी करते मिले 320 वाहनों के चालान किए गए हैं। इन वाहन चालकों पर 5 .45 लाख रुपये का ऑनलाइन शमन शुल्क भी अधिरोपित किया गया है।

यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि एसपी ओमप्रकाश सिंह के निर्देशन में जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन के लिए दो दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत उन्होंने शनिवार को राजकोल्ड तिराहा, सौरव ढाबा पर वाहन चेकिंग की। इस दौरान मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, ड्रिंक एंड ड्राइव एवं हूटर आदि चेक किए गए। डेसीबल मीटर से 80 डेसीबल से अधिक आवाज कर रहे 21 वाहन, दो पहिया वाहन में मोडिफाइड साइलेंसर होने पर दो वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। यात्री वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी, गलत दिशा में वाहन चलाने, बिना फिटनेस वाहन चलाने, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, मालवाहक वाहन में सवारियों को ले जाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग, ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल 320 वाहन चालकों के चालान किए गए हैं। इसमें ऑनलाइन शमन शुल्क 545000 रुपये अधिरोपित किया गया है।

# कासगंज-अमांपुर रोड रेलवे फाटक पर तीन दिन रहेगा यातायात प्रभावित, वैकल्पिक मार्गों से होगा आवागमन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** शहर के कासगंज-अमांपुर रोड स्थित रेलवे समपार संख्या 248ए स्पेशल पर रेलपथ अनुरक्षण कार्य के चलते तीन दिन सड़क यातायात प्रभावित रहेगा। रेल संरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने निर्धारित अवधि के दौरान समपार को वाहनों के आवागमन के लिए बंद रखने का निर्णय लिया है। प्रभारी सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ) नरेश कुमार ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक (एसपी) को पत्र भेजकर जानकारी दी है। पत्र में बताया गया है कि कासगंज-बधारी कला रेलवे स्टेशन के बीच स्थित रेलवे समपार संख्या 248ए स्पेशल पर रेलपथ अनुरक्षण कार्य कराया जाएगा, जो सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 7 जून (रविवार) को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक सड़क यातायात बंद रहेगा। वहीं 9 जून और 10 जून को सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक रेलवे समपार पूरी तरह बंद रखा जाएगा। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए छोटे वाहनों के लिए समपार संख्या 309 आवास विकास, अंडरपास नगला चीटा, समपार संख्या 310ए सहावर गेट और समपार संख्या 250सी अहरोली को वैकल्पिक मार्ग के रूप में निर्धारित किया गया है। वहीं भारी वाहनों का संचालन नदरई बाईपास के रास्ते कराया जाएगा। रेलवे प्रशासन ने स्थानीय प्रशासन से सहयोग की अपील करते हुए लोगों से निर्धारित अवधि में वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह दी है।

# राष्ट्रीय आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप 2026 में कासगंज का शानदार प्रदर्शन, खिलाड़ियों ने जीते 9 पदक और तकनीकी टीम ने भी बढ़ाया मान

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** जनपद के खिलाड़ियों, रेफरी और तकनीकी अधिकारियों ने राष्ट्रीय आर्मरेसलिंग चैंपियनशिप 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया। 29 मई से 2 जून तक राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गांधीनगर (गुजरात) में आयोजित इस प्रतियोगिता में कासगंज के खिलाड़ियों ने युवा और दिव्यांग वर्ग में कुल 9 पदक अपने नाम किए। के.ए. (पी.जी.) कॉलेज की सोनी ने कांस्य, विनीता ने दोनों हाथों में कांस्य तथा मनीषा ने रजत पदक जीता। राम मनोहर लोहिया कॉलेज, ढोलना की रिचा चैहान ने दाएं और बाएं दोनों हाथों में कांस्य पदक हासिल किए। वहीं एस.के.वी. एकेडमी के हिमांशु माथुर और जिलाधिकारी कार्यालय की आकांक्षा ने दिव्यांग वर्ग में रजत पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। इसके अलावा मोनिका यादव, माला राजपूत, चांदनी, कृतिका, नंदिनी, अमन, बृजेश और हर्षित कश्यप ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में प्रक्ष सिंह जादौन, डॉ. सरिता सिंह जादौन, हर्षित कश्यप सहित कई तकनीकी अधिकारियों और रेफरियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खिलाड़ियों और सहयोगी टीम की इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए सभी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एबीवीपी कार्यकर्ता से अभद्रता और मारपीट का मामला

मोर्निंग सिटी संवाददाता




कासगंज में उबाल, आर-पार के मूड में छात्र संगठन

दोषी दरोगा पर कार्रवाई न होने से भड़के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता

एसपी दफ्तर से लेकर अमांपुर कोतवाली तक प्रदर्शन, 7 जून तक का दिया अल्टीमेटम

कार्रवाई न होने पर ब्रज प्रांत के 1000 से अधिक कार्यकर्ताओं ने दी अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मामले का संज्ञान लेकर छात्र को न्याय दिलाने की मांग

**कासगंज।** शहर के नदरई गेट स्थित मिशन चैराहा के समीप अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकताओं ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ तीखा आक्रोश व्यक्त किया है। एबीवीपी के एटा विभाग आयोजक यस मिश्रा ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि जिले में छात्रों और कार्यकताओं के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है, जिसे संगठन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। कार्यकताओं ने चेतावनी दी है कि यदि रविवार, 7 जून तक दोषी दरोगा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं हुई, तो ब्रज प्रांत के एक हजार से अधिक कार्यकर्ता कासगंज में अनिश्चितकालीन बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे।

मिली जानकारी के अनुसार, पूरा मामला 1 जून की रात का है। एबीवीपी के जिला एस.एफ.डी. संयोजक प्रशांत आर्य रात के समय अपने घर से लाइब्रेरी मॉडल लेने जा रहे थे। रास्ते में अमांपुर सरकारी अस्पताल के निकट एक चाय की दुकान पर वह रुके। आरोप है कि इसी दौरान उपनिरीक्षक अवधेश दुबे अपने हमराहियों के साथ वहां पहुंचे और बिना किसी वजह के प्रशांत आर्य व अन्य छात्रों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। घटना की जानकारी मिलने पर 2 जून की सुबह करीब 11 बजे एबीवीपी के प्रमुख कार्यकर्ता अमांपुर कोतवाली पहुंचे। थाना प्रभारी दिनेश राठौर ने जब उपनिरीक्षक अवधेश दुबे को तलब किया, तो काफी देर से पहुंचे दरोगा ने थाना प्रभारी के सामने ही छात्र से मारपीट की बात कबूल की और वहां से चले गए। इस बीच कार्यकताओं ने सहावर क्षेत्राधिकारी शाईदा नसरीन से फोन पर वार्ता की। सीओ ने शाम तक दरोगा को निलंबित करने का आश्वासन दिया, लेकिन 24 घंटे बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे नाराज होकर 3 जून की रात कार्यकताओं ने अमांपुर कोतवाली के बाहर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। रात 12 बजे पहुंचीं सीओ शाईदा नसरीन ने काफी देर वार्ता के बाद आश्वासन दिया कि वह 4 जून की सुबह 11 बजे तक जांच रिपोर्ट एसपी दफ्तर भेज देंगी। इस भरोसे पर रात ढाई बजे धरना स्थगित किया गया। 4 जून को जब एबीवीपी कार्यकर्ता कासगंज एसपी ओ.पी. सिंह से मिले और पूरी घटना बताई, तो आरोप है कि एसपी ने मामले को हल्के में लिया। उन्होंने दरोगा पर तत्काल कार्रवाई करने के बजाय एक और अवसर देने की बात कही। एसपी के इस रवैये से संगठन में भारी रोष है। अगर सोमवार 8 जून तक पीड़ित छात्र को न्याय नहीं मिला और दोषी दरोगा अवधेश दुबे को निलंबित नहीं किया गया, तो ब्रज प्रांत के 1000 से ज्यादा छात्र सड़क पर उतरेंगे। यह आंदोलन तब तक नहीं थमेगा जब तक कार्रवाई नहीं होती। यस मिश्रा, एटा विभाग आयोजक ने कहा कि हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मांग करते हैं कि पुलिस द्वारा किए गए उत्पीड़न को संज्ञान ले। इस दौरान प्रदर्शन और विरोध जताने वालों में मुख्य रूप से अनंत प्रताप सिंह, हिमांशु लोधी, मुस्कान प्रजापति सहित भारी संख्या में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता वाहन को जिलाधिकारी प्रणय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने दिखाई हरी झंडी




मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद कासगंज में 05 जून से 21 जून 2026 तक आयोजित किए जाने वाले जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं सरकार की विभिन्न लोकहितकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु आज जिलाधिकारी प्रणय सिंह एवं पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने नगर पालिका कासगंज से सूचना विभाग के प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। प्रचार वाहन जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर विभिन्न योजनाओं, उपलब्धियों तथा 05 जून से 21 जून तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी आमजन तक पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि प्रचार-प्रसार अभियान के माध्यम से आमजन को सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों एवं विकास कार्यों के प्रति जागरूक किया जाएगा। जनपद प्रशासन द्वारा आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बेकाबू कार का कहर: दिव्यांग की ट्राईसाइकिल चकनाचूर, एक्टिवा को दूर तक घसीटा, लोगों ने दौड़ाकर पकड़ा दंपति

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**आगरा।** पश्चिमपुरी क्षेत्र में शनिवार सुबह एक बेकाबू कार ने सड़क पर जमकर कहर बरपाया। तेज रफ्तार कार सवार दंपति ने पहले एक दिव्यांग व्यक्ति की ट्राईसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे ट्राईसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। इसके बाद भी कार नहीं रुकी और आगे बढ़ते हुए एक एक्टिवा सवार को भी अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी और हड़कंप का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी। सबसे पहले कार ने सड़क किनारे जा रहे एक दिव्यांग की ट्राईसाइकिल को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्राईसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही कार आगे बढ़ गई और एक एक्टिवा सवार को भी टक्कर मार दी।

बताया गया है कि टक्कर लगने के बाद एक्टिवा कार में फंस गई और कार उसे काफी दूर तक घसीटती हुई ले गई। यह दृश्य देखकर राहगीरों में दहशत फैल गई। हालांकि एक्टिवा चालक समय रहते खुद को बचाने में सफल रहा, जिससे उसकी जान बच गई और एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। लोगों ने तुरंत कार का पीछा शुरू कर दिया और कुछ दूरी पर कार को रोक लिया। कार सवार दंपति को घेरकर लोगों ने मौके पर ही रोक लिया। देखते ही देखते घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई और कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। इसी दौरान वहां से गुजर रहे क्षेत्रीय सब-इंस्पेक्टर की नजर घटना पर पड़ी। उन्होंने तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और कार सवार दंपति को अपने साथ थाने ले गए। पुलिस ने दंपति से पूछताछ शुरू कर दी है और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों ने लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार को नहीं रोका जाता तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

# समाधान दिवस में अधिकारियों की टेबल के नीचे निकला विषकापड

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**फतेहाबाद।** शनिवार को तहसील फतेहाबाद के सभागार कक्ष में संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारी फरियादियों की समस्या सुन रहे थे। इसी बीच एसडीएम और तहसीलदार की टेबल के नीचे विषखोपडा निकलने से तहसील में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को तहसील फतेहाबाद में संपूर्ण समाधान दिवस चल रहा था।अधिकारी फरियादियों की समस्या सुन रहे थे। तहसीलदार व एसडीएम की टेबल के नीचे उनके ही एक कर्मचारी को विषखोपड़ा दिखाई दिया।जिससे तहसील में अधिकारियों व फरियादियों में हड़कंप मच गया।और अधिकारी अपनी अपनी कुर्सी छोड़कर खड़े हो गए।तभी कर्मचारियों ने किसी तरह डंडे से विषखोपड़ा को सभागार कक्ष से बाहर निकाला तब जाकर अधिकारियों व फरियादियों ने राहत की सांस ली।

# मंदिर में पूजा करने गई नाबालिक किशोरी से छेड़छाड़

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**फतेहाबाद।** थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी से मंदिर परिसर में छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पकड़कर लोगों ने की धुनाई पुलिस ने आरोपी को मुकदमा लिखकर जेल भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना फतेहाबाद क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे घर के पास मेरी आठ वर्षीय बेटी मंदिर परिसर में पूजा कर रही थी।तभी पुत्री को अकेला देखकर एक युवक ने मंदिर में घुस गया।और बुरी नीयत से पकड़कर छेड़छाड़ की।और मौके से भाग गया था।तभी शाम को साढ़े आठ बजे फिर से युवक मौहल्ला में घूम रहा था।तभी बच्ची ने युवक को पहचान लिया और मौहल्ले के लोगो को बताया तभी लोगों ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया तो युवक गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगा।तभी मोहल्ले के लोगों ने युवक की पकड़कर धुनाई कर दी ।और पककर पुलिस के हवाले कर दिया।वहीं युवक ने पुलिस को अपना नाम आनंद पुत्र दर्शन लाल निवासी पलिया थाना फतेहाबाद बताया वही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि नाबालिग किशोरी के साथ एक युवक ने छेड़छाड़ की थी।मौहल्ले के लोग पकड़र थाने लाए थे।जिसे मुकदमा लिखकर जेल भेज दिया गया है।

# हजारा नहर में नहाते समय चार युवक डूबे, तीन सगे भाई लापता

## घटना की सूचना पर सीओ सदर, शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची







पीएसी यूनिट एवं गोताखोरों ने शुरू की तलाश, शाम तक कोई पता नहीं चला

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** शहर कोतवाली क्षेत्र में शनिवार की दोपहर हजारा नहर में नहाते समय तीन सगे भाई समेत चार युवक अचानक गहरे पानी में चले जाने की वजह से डूब गए। चीखपुकार पर एक युवक को पानी से बाहर निकाल लिया गया, उसे उपचार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ सदर मय कोतवाली पुलिस के मौके पर पहुंच गई। पीएसी की यूनिट एवं गोताखोरों को पानी में उतारा गया है। काफी देर की तलाश के बाद भी तीनों भाइयों का कोई पता नहीं चल सका है। अनहोनी की आशंका को लेकर परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस के मुताबिक शनिवार की दोपहर हजारा नहर में नहाते समय तीन सगे भाइयों समेत चार युवकों के डूबने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही सीओ आंचल चैहान एवं कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। यहां पुलिस को बताया कि हाथरस जनपद के थाना सिकन्दराराऊ थाना क्षेत्र के गांव टीकरी कला निवासी 27 वर्षीय जयप्रकाश, 24 वर्षीय अजय, 22 वर्षीय हरेंद्र उर्फ छोटू पुत्रगण डालचंद्र, चचेरा भाई सुमित पुत्र राम सिंह नदरई के समीप हजारा नहर में नहाने आए थे। सभी लोग एक साथ हजारा नहर में नहाने के लिए उतर गए, उन्हें पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगा और तेज बहाव में बहते हुए डूबने लगे। चीखपुकार करने पर आसपास के लोग पानी में उतर गए, सुमित को बमुश्किल पानी से बाहर निकाल लिया, जबकि अन्य तीनों सगे भाई गहरे पानी में चले गए। इसके बाद लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी घटना स्थल पर आ गए। सुमित को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने तीनों भाइयों की तलाश में हजारा नहर में पीएसी की यूनिट एवं गोताखोरों को भी पानी में उतार दिया, काफी देर तक तलाश करने के बाद भी सगे भाइयों का सुराग नहीं मिल सका। एक साथ सगे भाइयों के नहर में डूबने और कोई पता नहीं चलने की वजह से अनहोनी की आशंका को लेकर परिवारीजनों में कोहराम मच गया। मां कमलेश देवी, भाई एवं लापता युवकों की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल था।

### घर की खुशियां मातम में बदलीं

**कासगंज।** हजारा नहर में सगे भाइयों के डूबने की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर आ गए। बड़े भाई शीलेंद्र ने बताया कि घर में अभी खुशी का माहौल बना हुआ था। तीन दिन पूर्व ही अजय के घर बेटे का जन्म हुआ है। जबकि छोटे भाई छोटू की शादी भी गत माह फरवरी 2026 में हुई थी। तीनों सगे भाइयों के नहर में डूबने की घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# प्रत्येक शिकायत का मौके पर जाकर कराएं समाधान, शिकायतकर्ता से लें फीडबैक: डीएम

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**रसूलाबाद (कानपुर देहात)।** जनपद की सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस के तहत तहसील रसूलाबाद में विधायक पूनम शंखवार, जिलाधिकारी कपिल सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय तथा अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) दिग्विजय सिंह ने आमजन की शिकायतें सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

तहसील रसूलाबाद में आयोजित समाधान दिवस के दौरान कुल 188 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से छह का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का मौके पर जाकर परीक्षण किया जाए और निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक भी लिया जाए।

जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने तोरना एवं नारखुर्द गांवों में अवैध कब्जा और अवैध निर्माण से जुड़े मामलों में आवश्यक कार्रवाई न करने पर संबंधित लेखपालों के निलंबन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए उप जिलाधिकारी रसूलाबाद को निर्देश दिए। उन्होंने भूमि विवादों के मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री संदर्भ, जनप्रतिनिधियों के संदर्भ, आईजीआरएस तथा तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया।

जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक नियमित जनसुनवाई करने, शिकायत पंजिका का संधारण करने तथा प्रकरणों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन के साथ संवेदनशील एवं शिष्ट व्यवहार सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील रसूलाबाद क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत कराए गए कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) दिग्विजय सिंह को चेकलिस्ट उपलब्ध कराते हुए संबंधित गांवों का निरीक्षण कराने तथा ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याएं और सुझाव संकलित करने के निर्देश दिए। जनपद की अन्य तहसीलों में भी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित कर लोगों की शिकायतें सुनी गईं और उनके निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी रसूलाबाद सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## ढाई साल की मासूम से दुष्कर्म करने वाला अधेड़ गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मंगलपुर(कानपुर देहात)** जनपद के थाना मंगलपुर क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में ढाई साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाले 50 वर्षीय अधेड़ आरोपी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी को कानूनी प्रक्रिया पूरी कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। थाना मंगलपुर पर पीड़िता की मां (वादिनी) द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार,उनकी करीब 2 वर्ष 9 माह की नाबालिग पुत्री घर से महज 50 कदम की दूरी पर स्थित एक दुकान से सामान लेने गई थी। वहां से वापस आते समय आरोपी ने मासूम के साथ इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। इस मामले में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सबलपुर निवासी शिवप्रसाद के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 65(2) और 5/6 पाक्सो एक्ट (ढडउरड अ्३) के तहत मुकदमा दर्ज किया था। प्रभारी निरीक्षक महेश कुमार दुबे के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर मुस्तैदी दिखाते हुए वांछित अभियुक्त शिवप्रसाद को झींझक रेलवे स्टेशन की विपरीत दिशा में बने फुट ओवर स्लूप के पिलर नंबर 01 के पास से घेराबंदी कर दबोच लिया।

## महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम, निकाली पदयात्रा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**सिकंदरा (कानपुर देहात)।** विधानसभा क्षेत्र सिकंदरा के मालवीय नगर स्थित कांग्रेस पार्टी कार्यालय में शनिवार को महारानी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा सिकंदरा कार्यालय प्रभारी अरविंद पाल ने की। उन्होंने महारानी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह मालवा साम्राज्य की दूरदर्शी, न्यायप्रिय एवं जनकल्याणकारी शासक थीं। उन्हें 18वीं शताब्दी के श्रेष्ठ शासकों तथा महिला सशक्तिकरण के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने बताया कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में अनेक धार्मिक एवं सामाजिक कार्य कराए। काशी विश्वनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के साथ ही अयोध्या, मथुरा, हरिद्वार, द्वारका, बद्रीनाथ, केदारनाथ, रामेश्वरम और सोमनाथ सहित कई प्रमुख तीर्थ स्थलों के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने महेश्वर को अपनी राजधानी बनाकर साहित्य, कला और संस्कृति को बढ़ावा दिया तथा माहेश्वरी साड़ियों के विकास और बुनकरों के उत्थान में भी अहम भूमिका निभाई।

अरविंद पाल ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन समाज सेवा, न्याय और जनकल्याण के लिए समर्पित रहा। उनके आदर्श आज भी समाज को प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के उपरांत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कार्यालय से पटेल चौक तक महारानी अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा के साथ पदयात्रा निकालकर उनके संदेशों का प्रचार-प्रसार किया।

इस अवसर पर वैभव शर्मा (सभासद), शिवम सोनी (एडवोकेट), जितेंद्र सिंह (एडवोकेट), ठाकुर सुदामा प्रसाद, विपिन प्रियदर्शी, सरवन कटियार, सर्वेश पाल, नंदू पाल, पिंटू कुशवाहा, रमेश पाल, राजेश खन्ना, अरुण बौद्ध, कैलाश कटियार (पूर्व प्रधान), रज्जन सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

## मजदूरी भुगतान में अनियमितता की शिकायत, ग्राम प्रधान समेत संबंधित सचिवों को नोटिस

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**राजपुर (कानपुर देहात)।** विकास खंड राजपुर की हरिहरपुर ग्राम पंचायत में मनरेगा एवं वित्त आयोग मद की धनराशि के भुगतान में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों और मजदूरों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर जांच की मांग की है। मामले में जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्राम प्रधान एवं संबंधित सचिवों को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि पंचायत में कराए गए कार्यों की मजदूरी एवं अन्य भुगतान की धनराशि लाभार्थियों के खातों में जाने के बजाय ग्राम प्रधान के निजी खाते में भेजी गई। इस संबंध में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कराने की मांग की गई है। मामले की जांच के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी विकास पटेल ने ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर वर्ष 2021-22 से अब तक हुए भुगतानों का परीक्षण कराया। जांच में ग्राम प्रधान के निजी बैंक खाते में 13.23 लाख रुपये की धनराशि प्राप्त होने की बात सामने आने पर ग्राम प्रधान एवं संबंधित सचिवों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। वहीं, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद ने आरोपों को निराधार बताया है। उनका कहना है कि वर्ष 2021 से 2023 के दौरान शासनादेश के अनुरूप संबंधित सचिव द्वारा भुगतान किया गया था। उनके अनुसार, ग्राम प्रधान के खाते में प्राप्त धनराशि ग्राम पंचायत के कार्यों के भुगतान से संबंधित है और मजदूरों के साथ किसी प्रकार का फजीर्वाड़ा नहीं किया गया है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि संबंधित पक्षों से स्पष्टीकरण प्राप्त होने के बाद मामले की अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले छात्र कृष्णा यादव सम्मानित

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**माती (कानपुर देहात)।** पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय के निर्देशन में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह के तहत पुलिस लाइन सभागार में हाईस्कूल परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र कृष्णा यादव को सम्मानित किया गया। लखनऊ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम के क्रम में प्रतिसार निरीक्षक ने छात्र कृष्णा यादव पुत्र अनुज यादव को मुख्यालय से प्राप्त प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किया। इस दौरान छात्र की मेहनत, लगन और उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। अधिकारियों ने छात्र को निरंतर परिश्रम, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच के बल पर जीवन के किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। समारोह में छात्र के माता-पिता एवं अन्य परिजन भी उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत भटके बालक को परिजनों से मिलाया

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**गजनेर (कानपुर देहात)।** थाना गजनेर पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत सराहनीय कार्य करते हुए भटके हुए सात वर्षीय बालक को सकुशल उसके परिजनों से मिलाकर खुशियां लौटाईं। पुलिस के अनुसार, डायल-112 पर सूचना मिली कि गजनेर-रायपुर मार्ग स्थित निनायां मोड़ के पास एक बालक अकेला खड़ा है। सूचना पर पीआरवी टीम तत्काल मौके पर पहुंची और बालक को सुरक्षित थाना गजनेर लेकर आई। बालक के परिजनों की तलाश के लिए पुलिस ने आसपास के थानों से संपर्क किया और सोशल मीडिया समूहों की भी मदद ली। प्रयासों के बाद बालक की पहचान छोटू (7) पुत्र विष्णु अवस्थी के रूप में हुई। उसकी मां अर्चना से संपर्क स्थापित किया गया, जो वर्तमान में रनियां बाजार क्षेत्र में किराये के मकान में रह रही हैं।

# आरक्षी भर्ती परीक्षा की तैयारियों का डीएम व एसपी ने लिया जायजा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**माती (कानपुर देहात)।** आगामी 8 से 10 जून तक आयोजित होने वाली आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती-2025 परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी कपिल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने अकबरपुर महाविद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश द्वारों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, ड्यूटी में तैनात पुलिस बल एवं कर्मचारियों की सतर्कता सहित समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। किसी भी प्रकार की अनियमितता, नकल अथवा संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही अभ्यर्थियों को निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

जनपदीय पुलिस द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। परीक्षा अवधि के दौरान सतत निगरानी रखकर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी तथा कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# बरौर थाने के उपनिरीक्षक रंजीत यादव को भावभीनी विदाई

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**डेरापुर (कानपुर देहात)।** बरौर थाने में तैनात उपनिरीक्षक रंजीत यादव के गैर जनपद औरैया स्थानांतरण पर शुक्रवार को थाना परिसर में सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों के साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।

समारोह की अध्यक्षता थाना प्रभारी महेश कुमार ने की। उन्होंने उपनिरीक्षक रंजीत यादव के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी और मिलनसार व्यवहार से जनता के बीच विशेष पहचान बनाई। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। विदाई समारोह में उपस्थित लोगों ने रंजीत यादव के कार्यों को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उन्हें अंगवस्त्र, गुलदस्ता, प्रतीक चिह्न एवं फूलमालाएं भेंटकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उपनिरीक्षक रंजीत यादव ने थाना बरौर क्षेत्र सहित जनपदवासियों के सहयोग और स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यहां का अपनापन और सहयोग हमेशा उनकी स्मृतियों में बना रहेगा। समारोह में वीरेंद्र पाल (प्रधान), गुरई अवस्थी, विवेक कटियार, सुमित पाल, अमित कुमार, गोलू दुबे, सतेंद्र यादव समेत अनेक क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान माहौल भावुक रहा और उपस्थित लोगों ने रंजीत यादव को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में रनिया में आयोजित हुई रात्रि चौपाल

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**भोगनीपुर (कानपुर देहात)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 से 21 जून तक संचालित "सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान" थीम आधारित जन-कल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत शनिवार को विकास खंड अमरौधा की ग्राम पंचायत रनिया में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के मत्स्य मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, भाजपा जिलाध्यक्ष रेणुका सचान, जिलाधिकारी कपिल सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय, मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। रात्रि चौपाल में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं एवं सुझाव सुनकर संबंधित विभागों को उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने लाइब्रेरी एवं अंत्येष्टि स्थल निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों की मांग रखी। इस पर प्रभारी मंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने आवश्यक प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान करते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्रामीणों को यह भी जानकारी दी गई कि गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए निर्मित पानी की टंकी से जलापूर्ति शुरू कर दी गई है, जिससे क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा। वक्ताओं ने कहा कि रात्रि चौपाल का उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना, जनभागीदारी को मजबूत करना तथा सुशासन की अवधारणा को प्रभावी ढंग से लागू करना है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, जिला स्तरीय अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, चालक हिरासत में

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**शिवली (कानपुर देहात)।** शिवली कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, डीसीएम और उसके चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी गई है।

शिवाजी नगर, शिवली निवासी मोहित कुमार (18) पुत्र सुनील कुमार कुशवाहा शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे बाइक से बस स्टैंड की ओर जा रहा था। इसी दौरान कानपुर-बिधूना राष्ट्रीय राजमार्ग पर विद्युत उपकेंद्र के सामने विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक सड़क पर गिर गया और डीसीएम का पहिया उसके सिर के ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

कोतवाली प्रभारी अमरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। डीसीएम और उसके चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**माती (कानपुर देहात)।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 5 से 21 जून तक "सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान" थीम पर आयोजित होने वाले जन-जागरूकता एवं जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल ने की।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि अभियान अवधि में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को जनभागीदारी आधारित एवं गरिमामय स्वरूप में संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा जनहित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाए तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विकास खंड एवं नगर निकाय स्तर पर जनसंवाद, जागरूकता गोष्ठियां, लाभार्थी संपर्क अभियान, स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, किसान गोष्ठियां, युवा संवाद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। सभी कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। साथ ही विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विभिन्न विभाग अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन एवं प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन-जागरूकता एवं जनसंवाद कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से समय प्राप्त कर कार्यक्रम आयोजित कराए जाएं। प्रत्येक कार्यक्रम में अधिकारियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ फोटो एवं वीडियो प्रलेखन भी समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाए। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि सभी विभाग अपने निर्धारित कार्यक्रमों की कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें तथा अभियान के दौरान आयोजित गतिविधियों की दैनिक प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए विभागों के बीच प्रभावी समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) दिग्विजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर 317 वाहनों के चालान

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**माती (कानपुर देहात)।** सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए जनपद पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान 317 वाहनों का चालान किया गया। पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में चलाए गए अभियान के तहत बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने, ट्रिपल राइडिंग करने, हेलमेट न पहनने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने सहित विभिन्न यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना, यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना है। जनपदीय पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग करें तथा सुरक्षित वाहन संचालन को प्राथमिकता दें। पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ पालिका का अभियान, 10 किलो सामग्री जब्त



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**जसवंतनगर (इटावा)।** नगर पालिका परिषद ने शनिवार को प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर विभिन्न दुकानों पर छापेमारी की। अभियान के दौरान करीब 10 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई, जबकि तीन दुकानदारों पर कुल तीन हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया।

अधिशासी अधिकारी श्याम बचन सरोज के नेतृत्व में चली कार्रवाई के दौरान मुख्य चौराहा, बड़ा चौराहा, नदी पुल क्षेत्र, किराना बाजार और सब्जी मंडी सहित विभिन्न स्थानों पर दुकानों की जांच की गई। पालिका टीम के बाजार पहुंचते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया। जांच के दौरान मोहल्ला होमगंज स्थित एक जूस विक्रेता, एक हलवाई और एक किराना दुकानदार के यहां से प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद हुई। टीम ने करीब 10 किलो पॉलीथिन जब्त कर संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की। अधिशासी अधिकारी ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि शासन द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन के उपयोग पर पूर्ण रोक लगाई गई है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से कपड़े एवं कागज के थैलों का उपयोग करने की अपील की। अभियान में वरिष्ठ लिपिक नवनीत शाक्य, लाल कुमार यादव, सुरजीत कुमार, राममोहन, सखी त्रिपाठी सहित नगर पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। पालिका प्रशासन ने बताया कि पॉलीथिन के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## पत्नी और बेटे की मौत का सदमा नहीं सह सका पति, कब्रिस्तान में मिला शव

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**चरखारी (महोबा)।** पत्नी और बेटे की मौत के गहरे सदमे में डूबे एक व्यक्ति का शव शुक्रवार सुबह कब्रिस्तान में मिला। परिजनों के अनुसार मृतक अपनी पत्नी और पुत्र के निधन के बाद से मानसिक रूप से बेहद व्यथित था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मूल रूप से मध्य प्रदेश के हरपालपुर निवासी सुभान अहमद (40) इन दिनों चरखारी स्थित अपनी ससुराल में रह रहे थे। परिजनों के मुताबिक 25 मई को उनके छह वर्षीय पुत्र हसनैन की तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई थी। बेटे के निधन का सदमा उसकी मां रजिया खातून भी बर्दाश्त नहीं कर सकीं और उनकी भी मौत हो गई थी। दोनों को स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया था। परिजनों का कहना है कि पत्नी और बेटे के निधन के बाद सुभान गहरे सदमे में थे। शुक्रवार तड़के वह घर से निकलकर कब्रिस्तान पहुंच गए। काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। कब्रिस्तान में उनका शव पत्नी और बेटे की कब्र के पास पड़ा मिला। सूचना पर परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार मृतक के पैर पर एक निशान मिला है, जिससे किसी जहरीले कीड़े के काटने की आशंका भी जताई जा रही है।



## यूके की गलियों में शूटिंग कर रहे अहान पांडे, साथ में नजर आई शरवरी वाघ



पिछले साल आई सफल फिल्म 'सैयारा' ने अहान पांडे को रातोंरात स्टार बना दिया। अब अहान अली अब्बास जफर के साथ अपनी आगामी फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। अभी तक फिल्म का टाइटल सामने नहीं आया है। अब फिल्म की शूटिंग के दौरान का एक वीडियो सामने आया है। इसने फिल्म को लेकर फैंस में उत्सुकता और भी बढ़ा दी है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा यह वीडियो कथित तौर पर फिल्म के यूके शूटिंग शेड्यूल का है। इसमें अहान पांडे के साथ फिल्म की लीड एक्ट्रेस शरवरी वाघ नजर आ रही हैं। हालांकि, यह वीडियो कुछ ही सेकंड का है, लेकिन अहान और शरवरी को पहली बार पर्दे पर देखने के लिए फैंस उत्साहित हो गए हैं। वीडियो में अहान पूरी तरह से काले रंग के कपड़ों में नजर आ रहे हैं। वहीं शरवरी मैरून शर्ट और नारंगी मिनी स्कर्ट में दिखाई दे रही हैं। फिल्म की 27 दिनों की शूटिंग इस साल की शुरुआत में मुंबई के वाईआरएफ स्टूडियो में पूरी हुई थी। इसके बाद टीम एक लंबे इंटरनेशनल शूट के लिए विदेश रवाना हुई, जिसके लगभग दो महीने तक चलने की उम्मीद है।

### ऐश्वर्य ठाकरे भी निभाएंगे प्रमुख भूमिका

अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित इस फिल्म को एक एक्शन-लव स्टोरी फिल्म बताया जा रहा है। फिल्म में रोमांस के साथ-साथ जबरदस्त एक्शन और टकराव भी देखने को मिलेगा। इस फिल्म में 'निशानची' फेम ऐश्वर्य ठाकरे के भी मुख्य भूमिका में नजर आने की खबरें हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐश्वर्य फिल्म में विलेन के किरदार में नजर आएंगे।





# ईमानदारी से बनी फिल्म दर्शकों तक जरूर पहुंचती है

आगामी फिल्म 'पेद्दी' को लेकर मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने फिल्म, दर्शकों और साउथ सिनेमा को लेकर बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी फिल्म की सफलता उसकी ईमानदारी, मेहनत और अच्छे इरादे पर निर्भर करती है। जाह्नवी कपूर ने कहा, 'अगर कोई फिल्म पूरी ईमानदारी और मेहनत से बनाई जाती है, तो वह अपने दर्शकों तक जरूर पहुंचती है। लोग जल्दी जज कर लेते हैं, लेकिन आखिरकार हम फिल्म दर्शकों के मनोरंजन के लिए बनाते हैं। हम उनके लिए काम करते हैं, इसलिए उनकी भावनाओं और राय को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मेरे लिए दर्शक भगवान की तरह हैं, और हम सिर्फ उनकी सेवा करने की कोशिश करते हैं।' साउथ फिल्मों में अपने अनुभव को साझा करते हुए जाह्नवी ने कहा कि उन्हें तेलुगु फिल्मों में काम करने में काफी मजा आ रहा है। हालांकि, उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि अब शायद वह मलयालम भाषा में काम करने की कोशिश नहीं करेंगी, क्योंकि यह उनके लिए काफी कठिन है। उन्होंने कहा, 'मलयालम बहुत खूबसूरत और प्यारी भाषा है, लेकिन मेरे लिए यह काफी मुश्किल है। तमिल और तेलुगु भाषा से मैं थोड़ा परिचित महसूस करती हूं, इसलिए तेलुगु फिल्मों में काम करना मुझे बेहद पसंद आ रहा है। आगे चलकर मैं तमिल फिल्मों में भी काम करना चाहूंगी।'

कार्यक्रम के दौरान जाह्नवी कपूर ने अभिनेता राम चरण की लोकप्रियता का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि हाल ही में अमेरिका यात्रा के दौरान उन्हें हर जगह राम चरण का नाम सुनने को मिला। जाह्नवी ने कहा, 'मैं अभी अमेरिका से लौटी हूं, और वहां भारतीयों की पहचान के तौर पर लोग राम चरण का नाम लेते हैं। यहां तक कि इमिग्रेशन पर भी मुझसे पूछा गया कि क्या मैं भारत से अभिनेत्री हूं, और फिर उन्होंने तुरंत कहा- राम चरण!'



## बॉलीवुड के माहौल को शेखर ने बताया टॉक्सिक

शेखर सुमन बॉलीवुड में अपने बेबाक अंदाज के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने बॉलीवुड के बारे में चौंकाने वाली बातें कही हैं। शेखर ने बताया कि किस तरह से यहां लोगों में जलन की भावना भरी है। इंडस्ट्री का माहौल बहुत टॉक्सिक हो चुका है। इसके अलावा भी वह कई और बातें बॉलीवुड के लोगों और सेलेब्स को लेकर शेयर करते हैं।

फिल्मफेयर को दिए गए हालिया इंटरव्यू में शेखर सुमन कहते हैं, 'देखिए जब कोई फेल होता है, किसी की फिल्म फ्लॉप होती है, शादी टूटती है तो कुछ लोगों को बहुत अच्छा लगता है। ऐसे लोग दूसरों को सफलता और खुशी देखकर दुखी होते हैं। हम बॉलीवुड में भी एक ऐसे दौर में जी रहे हैं, यहां पर माहौल बहुत टॉक्सिक हो चुका है।

शेखर सुमन आगे अपने इंटरव्यू में कहते हैं, 'बॉलीवुड के लोगों में बहुत जलन है। यह सामने पर एक-दूसरे को गले लगाते हैं लेकिन बाद में पीठ में छुरा घोंप देंगे। ये लोग एक-दूसरे की लाश पर चढ़कर आगे बढ़ जाएंगे। यह बहुत दुखी करने वाली बात है। इस कंडीशन के बावजूद शेखर सुमन के मन में बॉलीवुड के लिए बहुत सम्मान है। वह कहते हैं, 'हमारी इंडस्ट्री इसलिए बची है, टिकी है क्योंकि यहां पर अच्छे लोग अब भी बाकी हैं। इस इंडस्ट्री ने ही दिलीप कुमार और अमिताभ बच्चन जैसे स्टार्स हमें दिए हैं।' शेखर सुमन मल्टीटैलेंटड हैं, एक्टिंग के अलावा एंकरिंग, सिंगिंग, प्रोडक्शन तक में उन्होंने हाथ आजमाया है। साल 2024 में वह एक वेब सीरीज 'हीरामंडी' में दिखे थे। जल्द ही 'द पिरामिड स्कीम' में नजर आएंगे।

## राजेश-विक्रांत की फिल्म अंडर 18 में किच्चा सुदीप की एंट्री



ऐश्वर्या साउथ इंडस्ट्री में इन दिनों निर्देशक कार्तिक पेरुमल स्वामी की नई फिल्म 'अंडर 18' लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म की कहानी को लेकर लोगों के बीच पहले से ही काफी उत्सुकता थी, लेकिन अब इसमें सुपरस्टार किच्चा सुदीप की एंट्री ने उत्साह को और बढ़ा दिया है। मेकर्स ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर इसका आधिकारिक ऐलान किया। फिल्म को प्रोड्यूस कर रही एसआर प्रोडक्शंस ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए किच्चा सुदीप का स्वागत किया। पोस्ट में लिखा, ''बादशाह आ चुके हैं। पावरहाउस परफॉर्मर किच्चा सुदीप का 'अंडर 18' में स्वागत है। सफर में एक बड़ा बदलाव अब शुरू होता है।'' फिल्म से उनके जुड़ने के ऐलान के बाद सोशल मीडिया पर फैंस के बीच काफी उत्साह देखने को मिला। लोग अब यह जानने के लिए और ज्यादा उत्सुक हैं कि फिल्म में किच्चा सुदीप का किरदार कैसा होगा। हालांकि, मेकर्स ने अभी उनके रोल के बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है।

# पेद्दी की कहानी ने मुझे प्रेरित किया



**राम चरण इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पेद्दी' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह एक ऐसे किरदार में नजर आएंगे, जो गांव, आत्मसम्मान, संघर्ष और पहचान की कहानी कहता है। उनसे हुई बातचीत...**

### 'पेद्दी' चुनने की बड़ी वजह क्या रही?

ईमानदारी और समर्पण से की गई फिल्म है। यह भारत की मिट्टी की कहानी है। यह उन लोगों की कहानी है, जो अपनी पहचान और आत्मसम्मान के लिए जीते हैं। आज भी देश में कई गांव ऐसे हैं, जो ठीक तरह से नक्शे पर दर्ज नहीं हैं। वहां रहने वाले लोगों के पास बुनियादी सुविधाएं तक सीमित हैं। 'पेद्दी' ऐसे ही एक युवक की कहानी है, जो अपनी पहचान खोजते हुए अपने पूरे गांव और समुदाय को पहचान दिलाने की कोशिश करता है।

### इसके लिए कितनी तैयारी करनी पड़ी?

यह किरदार शारीरिक और मानसिक स्तर पर चुनौतीपूर्ण था। उत्तर भारत यूपी, हरियाणा और बिहार में कुश्ती सिर्फ खेल नहीं, बल्कि भावना है। मुझसे पहले सलमान खान ने 'सुल्तान' और आमिर खान ने 'दंगल' में कुश्ती को बड़े परदे पर दिखाया। मुझे सलमान बेहद पसंद हैं। उनकी फिल्मों की सफलता ने भरोसा दिया कि भारत की मिट्टी से जुड़ी कहानियां लोगों तक गहराई से पहुंचती हैं। करीब 200 दिनों की शूटिंग में मुझे कड़ी ट्रेनिंग और लगातार शारीरिक मेहनत करनी पड़ी।



### आप हमेशा रिस्क लेते रहे हैं। क्या चोटों से डर नहीं लगता?

डर हर किसी को लगता है, लेकिन मुझे अपने स्टंट्स खुद करना पसंद है। आज तकनीक पहले से काफी बेहतर हो गई है, इसलिए रिस्क कम हुआ है। मुझे लगता है कि दर्शक समझ जाते हैं कि कौन-सा एक्शन असली है और कौन-सा बॉडी डबल ने किया है। जब आप खुद करते हैं, तो दर्शकों से अलग कनेक्शन बनता है। मेरे पिता आज भी खुद स्टंट्स करते हैं। मैं उन्हें मना करता हूं, लेकिन उसमें एक अलग आकर्षण होता है। 'पेद्दी' ने मुझे भीतर से बहुत प्रेरित किया है।

### पिता चिरंजीवी ने कहा कि ऐसी फिल्में दशकों में एक बार बनती हैं। यह सुनकर क्या महसूस हुआ?

जब इतने बड़े कलाकार और आपके पिता ऐसा कहते हैं, तो जिम्मेदारी बढ़ जाती है। ऐसा लगता है कि कंधों पर वजन और बढ़ गया है। मैंने इस फिल्म के लिए करीब 13-14 महीने मेहनत की। कई महीनों तक पूरी तरह वेजिटेरियन डाइट फॉलो की।



# खुद को स्वीकार करना ही सच्ची स्प्रिचुअलिटी है

**सारा अली खान बेबाक हैं, बिंदास हैं, साथ ही प्रतिभा की धनी भी। अभिनय के मामले में उन्होंने अपनी खानदानी परंपरा को आगे बढ़ाया और खुद को साबित किया। कई भूमिकाओं में सराही गई सारा को उनकी पिछली फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' में उनके काम को खूब तारीफ मिली थी। इन दिनों वह चर्चा में हैं अपनी नई फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' को लेकर। इस खास मुलाकात में उन्होंने अपने अध्यात्म, होने वाले जीवनसाथी, अपनी मां, ट्रोल्स, अपने बेबाक अंदाज जैसे कई मुद्दों पर बेधड़क होकर बात की।**

सारा इंडस्ट्री की उन अभिनेत्रियों में से हैं, जो अपनी स्प्रिचुअल जर्नी के लिए भी जानी जाती हैं। आप अकसर उन्हें मंदिरों, दरगाहों और गुरुद्वारों में अपना भक्तिभाव लुटाते देखते हैं। अपनी आध्यात्मिक यात्रा के बारे में वह कहती हैं, 'हां, मैं स्प्रिचुअल हूं, मगर इसी के साथ आपको अपने आप को भी स्वीकार करना जरूरी होता है। फिर आप वो चाहे जैसे करो। आप अपने माता-पिता के जरिए करो, अपने वर्कआउट के जरिए करो या किसी और रास्ते, मगर खुद को स्वीकारना और स्वयं के साथ सहज होना बहुत आवश्यक है। देखिए, वही मेरी निजी जिंदगी है। मैं मंदिरों, दरगाहों और गुरुद्वारों में जाकर बेहतर महसूस करती हूं, इसीलिए बार-बार जाती हूं। मुझे पहाड़ों पर जाकर बहुत सुकून मिलता है। कई बार वो पहाड़ रिलिजियस भी होते हैं, मगर पहाड़ मुझे हमेशा अपनी ओर आकर्षित करते हैं।'

### अपनी मां जैसी तिनका भर बन पाऊं, तो बहुत बड़ी बात

अपने करियर में सारा कई फिल्मों में पत्नी और प्रेमिका की भूमिका निभा चुकी हैं। जब उनसे पूछा जाता है कि जीवनसाथी के रूप में वह किस तरह के शख्स को चाहेंगी? तो वह मुस्कुराते हुए कहती हैं, 'एक अच्छे इंसान की तलाश है मुझे। अगर आप बहुत अच्छे इंसान हैं, तो मुझे इम्प्रेस कर सकते हैं। मुझे लगता है कि मेरे लिए अच्छे इंसान की परिभाषा यही है कि वह अपने आप में संतुष्ट हो, आत्मविश्वासी हो और अपने काम से प्यार करने वाला हो। मेरे लिए ये अहम है। बाकी के और गुण भी हों, तो बढ़िया है। मगर साथ में सही समय का होना जरूरी है।' मां अमृता सिंह को लेकर सारा अली खान भावुक सभी जानते हैं कि सारा की जिंदगी में उनकी मां अमृता सिंह अहम स्थान रखती हैं। अपनी मां के बारे में बात करते हुए वह थोड़ी भावुक हो जाती हैं। उन्हीं के शब्दों में, 'मुझे लगता है, हम सब इस दुनिया में अपनी मांओं की वजह से हैं। मैं तो यही उम्मीद करती हूं कि अपनी मॉम की तिनके भर जितनी भी इंसान बन पाऊं, तो बहुत बड़ी बात होगी। वे मेरी ताकत हैं, जिंदगी हैं।'

### कोई बेरोजगार बंदा ही ट्रोलिंग करता होगा

दूसरे कई कलाकारों की तरह सारा भी ट्रोल्स के निशाने पर रहती हैं। अक्सर सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है। मगर अब सारा ने हेटर्स से डील करना सीख लिया है। वह कहती हैं, 'मैं भी मानती हूं कि सोशल मीडिया की अकाउंटेबिलिटी के लिए यूजर्स को अपने आधार कार्ड या कोई भी ऑफिशियल पेपर्स जमा कराने चाहिए, मगर दूसरी तरफ मुझे ये भी पता है कि ऐसा नहीं होने वाला, तो जब ऐसा नहीं होने वाला, तो दूसरों के बजाय खुद को रेगुलेट करना मेरे लिए आसान है। सुनने में बुरा लगे, मगर यह कोई बेरोजगार बंदा है, जो अपनी जिंदगी में खुश नहीं है और इसीलिए वो ऊटपटांग चीजें कह रहा है।

### मैं इनसिक्योर अभिनेत्री नहीं हूं

आम तौर पर जब भी कोई कलाकार मल्टीस्टारर फिल्म में काम करता है, तो एक सवाल तो रहता ही है कि उसे कितना स्क्रीन स्पेस मिलेगा? क्या सारा को ऐसी कोई इंसिक्योरिटी सताती है? इस पर वह कहती हैं, 'मैं इन मामलों में कभी इनसिक्योर नहीं होती। मेरा सीधा-सा फंडा है कि आपको खुद पर यकीन होना चाहिए और अपने निर्देशक पर भी। आपको ये विश्वास होना चाहिए कि आप अपने किरदार के साथ न्याय कर पाएंगी। आपको साथ ही ये भी सोचना होता है कि सब अपना-अपना काम अच्छे ढंग से करें, ताकि फिल्म को फायदा हो। एक्टर्स को ये सिक्योरिटी और विश्वास रखना जरूरी है।' 'पति पत्नी और वो दो' से पहले मैंने 'मेट्रो...' जैसी कई कलाकारों वाली फिल्म में भी काम किया और तब भी मैं सिर्फ अपने रोल के बारे में नहीं सोचा। मैं कभी ऐसा नहीं सोचती कि मुझे एक हीरोइन वाली फिल्म में ही काम करना है।

स्वामी मोर्निंग सिटी मल्टीमीडिया प्रा.लि. मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), पुरराज प्रिंट एंड पैकिंग प्रा. लि., ई - 19 सेक्टर 6 नोएडा, गौतमबुद्धनगर से छपवाकर शॉप न. - 307, 308 एल्फा - 1 नीलकंठ प्लाजा, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949) (समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की सकती है। ई-मेल-morningcityinput@gmail.com।